


दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-21 अंक-278 | सीहोर, शनिवार 28 दिसम्बर 2024 | पृष्ठ-8 | मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


पूर्व प्रधानमंत्री का आज होगा अंतिम संस्कार

## पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, सोनिया गांधी सहित कई नेताओं ने दी श्रद्धांजलि



नई दिल्ली (ए)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के आवास पर उनके पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन करने पहुंचे। उनके साथ बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा भी मौजूद थे। मनमोहन सिंह का गुरुवार रात निधन हो गया था।प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री शाह और केंद्रीय मंत्री नड्डा ने पूर्व पीएम के परिजनों संग मिल शोक संवेदना व्यक्त की। डॉ. मनमोहन सिंह का पार्थिव शरीर शनिवार को कांग्रेस मुख्यालय में रखा जाएगा, जहां आम लोग उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद उनके अंतिम संस्कार का आयोजन राजघाट के पास किया जाएगा। मनमोहन सिंह साल 2004 से 2014 तक दो बार प्रधानमंत्री रहे थे। उनकी गिनती देश के बड़े अर्थशास्त्रियों में होती थी।पूर्व पीएम मनमोहन सिंह की निधन की खबर मिलने के बाद एम्स के बाहर भारी संख्या में दिल्ली पुलिस और अर्धसैनिक बल के जवानों की तैनाती की गई है।केंद्र सरकार ने 7 दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित किया है। साथ ही शुक्रवार को होने वाले सभी सरकारी कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं।

राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे बेलगावी से देर रात दिल्ली पहुंचने के बाद सीधे मनमोहन सिंह के आवास गए थे। राहुल ने एक्स पर लिखा- मैंने अपना मार्गदर्शक और गुरु खो दिया।बता दें, मनमोहन सिंह 1998 से 2004 तक विपक्ष के नेता भी रहे। हालांकि, साल 2004 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को मिली जीत के बाद उन्होंने देश के 14वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। उन्होंने यूपीए-1 और 2 में प्रधानमंत्री का पद संभाला था।उन्होंने पहली बार 22 मई 2004 और दूसरी बार 22 मई 2009 को प्रधानमंत्री के पद की शपथ ली थी। डॉ. मनमोहन सिंह का जन्म 26 सितंबर 1932 को पश्चिमी पंजाब के गाह में हुआ था, जो अब पाकिस्तान का हिस्सा है। उनके पिता का नाम गुरमुख सिंह और मां का नाम अमृत कौर था। उन्होंने साल 1958 में गुरशरण कौर से शादी की थी। उनकी तीन बेटियां भी हैं, जिनका नाम उपिंदर सिंह, दमन सिंह और अमृत सिंह हैं।

### *नाले में बस गिरने से 10 लोगों की मौत, एनडीआरएफ की टीम रेस्क्यू में जुटी*

*बठिंडा (आरएनएस)। बठिंडा के जीवन सिंह वाला गांव के पास शुक्रवार को एक भीषण बस हादसा हुआ। गुरु काशी कंपनी की एक बस अनियंत्रित होकर नाले में जा गिरी, जिससे 10 लोगों की मौत हो गई और 24 से अधिक लोग घायल हो गए।*

*हादसा तलवंडी साबो से बठिंडा की ओर जा रही बस के साथ हुआ। बस में करीब 50 यात्री सवार थे। हादसे की सूचना मिलते ही प्रशासन और एनडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंची और राहत और बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को तुरंत सिविल अस्पताल पहुंचाया गया।बस के नाले में गिरने के कारणों का अभी पता नहीं लग पाया। स्थानीय विधायक जगरूप सिंह गिल ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना। उन्होंने बताया कि इस हादसे में 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और 5 अन्य ने अस्पताल में दम तोड़ा। उन्होंने घायलों के बेहतर इलाज के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए और प्रभावित परिवारों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।*



कांग्रेस समर्थकों ने अमृतसर में श्रद्धांजलि समारोह के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिनका गुरुवार को निधन हो गया था।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने अब खुद को मारे कोड़े, चप्पल नहीं पहनने की भी खाई है कसम

नई दिल्ली,(आरएनएस)। तमिलनाडु में अन्ना विश्वविद्यालय की एक छात्रा के कथित यौन उत्पीड़न के मामले में विपक्षी दलों द्वारा विरोध-प्रदर्शन किया जा रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने इस मामले पर तीव्र प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि वह द्रमुक सरकार के इस्तीफे तक चप्पल नहीं पहनेंगे और नंगे पैर चलेंगे। आज, उन्होंने न्याय की मांग करते हुए अपने ऊपर कोड़े से वार किया।भाजपा ने आरोप लगाया है कि आरोपी द्रविड़ मुनेत्र कषगम का एक पदाधिकारी है, हालांकि सत्तारूढ़ पार्टी ने इन आरोपों को खारिज किया है। इससे पहले, अन्नामलाई ने आरोपी की द्रमुक नेताओं के साथ तस्वीरें पेश करते हुए दावा किया था कि आरोपी सत्तारूढ़ पार्टी की छात्र शाखा का पदाधिकारी है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी के द्रमुक से जुड़ा होने के कारण पुलिस ने उसके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। इस पर अन्नामलाई ने कोयंबटूर में संवाददाताओं से कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी के रिश्तों के कारण आरोपी को संरक्षण मिल रहा है।

### यूपी के कन्नौज-हरदोई को जोड़ने वाला पुल धंसा, भारी वाहनों के आवागमन पर रोक

कन्नौज (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के कन्नौज में गंगा पर बने पुल के एक पिलर के धंसने की खबर आई है। इस मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस फोर्स के साथ अधिकारियों ने निरीक्षण किया और बैरिकेडिंग कराकर भारी वाहनों की एंट्री पर रोक लगा दी।

सीओ सिटी कमलेश कुमार ने बताया कि कन्नौज में नदी पर बने पुल के स्लैब के खिसकने के कारण कंपन हो रहा था। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग की टीम को भेजा। टीम के सदस्यों ने कहा कि जब तक एनएचआई की टीम निरीक्षण नहीं कर ले, तब तक के लिए भारी वाहनों के प्रवेश को रोक दिया जाए, लेकिन हल्के वाहनों को चलने की इजाजत है। बड़े वाहन, ट्रक और डंपर जैसे वाहन नहीं जा सकते हैं।

## मणिपुर के इंफाल पूर्व और कांगपोकली जिलों में गोलीबारी, कुकी और मैतेई समुदाय के बीच फिर हिंसा



इंफाल,(ए)। मणिपुर के इंफाल पूर्व और कांगपोकली जिलों में गोलीबारी हुई है। लोगों के मुताबिक मोर्टर भी दागे जा रहे हैं। कुकी और मैतेई समुदाय के बीच फिर हिंसा शुरू हुई है। दोनों जिलों के कई इलाकों में 24 दिसंबर से जारी गोलीबारी की घटना ने बड़ा रूप लिया। इन जिलों के यिंगांगपोकपी, थमनापोकपी, थंबापोकपी, सबुंगखोक खुनौ, शांति खोंगबल सहित दूसरे इलाकों में दहशत है। यिंगंगपोकपी में ग्रामीणों ने अधिकारियों से उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की मांग की है। गोलीबारी की घटनाओं में फिलहाल किसी की मौत की खबर नहीं है। राज्य के सीएम एन बीरेन सिंह ने कहा था कि उन्होंने सुरक्षा सलाहकार और मणिपुर के डीजीपी को इंफाल पूर्वी जिले में सुरक्षा और मजबूत करने का निर्देश दिया है। सुरक्षाबल उग्रवादियों की गोलीबारी का जवाब दे रहे हैं। 25 दिसंबर को सीएम ने कहा था कि मणिपुर को तत्काल शांति की जरूरत है। दोनों समुदायों (कुकी-मैतेई) आपसी समझ बनाएं। हम किसी खास समुदाय के खिलाफ नहीं हैं।सीएम बिरेन सिंह ने कहा था कि मणिपुर को तत्काल शांति की जरूरत है। दोनों समुदायों (कुकी-मैतेई) आपसी समझ बनाएं। बीजेपी ही मणिपुर को बचा सकती है, क्योंकि वे एक साथ रहने के विचार में विश्वास करती है। उन्होंने कहा था कि आज मणिपुर में जो कुछ हो रहा है उसके कई कारण हैं।

# ठंड से जमा तालाब, बच्चों ने खेला क्रिकेट, बर्फबारी से कई सड़कें बंद



### एक फुट जमी बर्फ की परत, आठ राज्यों में बारिश और ओले का अलर्ट

नई दिल्ली,(ए)। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बर्फबारी के चलते कई सड़कें बंद पड़ी हैं और पर्यटक फंसे हुए हैं। वहीं जम्मू-कश्मीर में पड़ रही कड़ाके की ठंड और बर्फबारी के कारण तापमान शून्य से कई डिग्री नीचे चला गया है। इसका एक नजारा जम्मू के सोपोर में दिखाई दिया। हरितारा इलाके में बना एक तालाब पूरी तरह जम गया। बच्चों ने इस जमे हुए तालाब पर क्रिकेट खेला कर मौसम का आनंद लिया।

हिमाचल में 2 हाइवे समेत 24 सड़कों पर शुक्रवार को भी बसों की आवाजाही बंद है। नेशनल हाइवे 305 पर भी करीब एक फुट बर्फ जमा है। प्रशासन बर्फ हटाने की कोशिश कर रहा है ताकि आवागमन चालू किया जा सके।

उत्तराखंड में भी जोशीमठ और पिथौरागढ़ में बर्फबारी से नेशनल हाइवे और स्टेट हाइवे बंद है। देहरादून में भी त्यूनी-चक्रता-मसूरी नेशनल हाईवे के 30 किलोमीटर स्ट्रेच का हाईवे बर्फबारी के कारण बंद है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले 2-3 दिन बर्फबारी का दौर जारी रहेगा। दिल्ली में शुक्रवार सुबह तेज बारिश हुई। इसके अलावा मध्य प्रदेश, राजस्थान, यूपी समेत आठ राज्यों में आंधी-बारिश और ओले गिरने का अलर्ट है। यहां 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। इससे तापमान में गिरावट आएगी।

## BPSC का बड़ा ऐलान, दोबारा नहीं होगी 70वीं सिविल सेवा परीक्षा; छात्रों में मायूसी



पटना (ए)। बीपीएससी 70वीं प्रारंभिक परीक्षा को लेकर छात्रों द्वारा लगाए जा रहे धरने पर आयोग ने पानी फेर दिया है। बीपीएससी के परीक्षा नियंत्रक ने स्पष्ट किया है कि किसी भी स्थिति में 70वीं प्रारंभिक परीक्षा को रद्द नहीं किया जाएगा। यह फैसला उन छात्रों के लिए एक बड़ा झटका है जो पिछले 10 दिनों से धरने पर बैठकर परीक्षा रद्द करने की मांग कर रहे थे।आयोग ने यह भी बताया है कि मेंस परीक्षा अगले साल अप्रैल में आयोजित की जाएगी। छात्रों को सलाह दी गई है कि वे किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और अपनी तैयारी जारी रखें। कुछ छात्रों ने परीक्षा में धांधली का आरोप लगाया था और परीक्षा रद्द करने की मांग कर रहे थे। उन्हें खान सर, गुरु रहमान, तेजस्वी यादव, पप्पू यादव और प्रशांत किशोर जैसे कई लोगों का समर्थन मिला था।खान सर ने आरोप लगाया कि आयोग परीक्षा में धांधली से जुड़े सबूतों को छिपा रहा है।

### मनमोहन सिंह के रूप में देश ने एक कुशल राजनीतिक और अर्थशास्त्री को खोया : नायब सिंह सैनी

चंडीगढ़ (आरएनएस)। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया और ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने की प्रार्थना की है। यहां जारी शोक संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ मनमोहन सिंह जी के निधन से देश ने न केवल एक कुशल राजनीतिक बल्कि देश सेवा के लिए समर्पित व्यक्तित्व और कुशल अर्थशास्त्री को खोया है। उन्होंने कहा कि पंजाब के एक साधारण से परिवार एवं छोटे से गांव से भारत के अर्थशास्त्री और प्रधानमंत्री बनने का सफर उनके समर्पण व देश की सेवा को दर्शाता है।

## ई-टेंडरिंग घोटाले की फिर से होगी जांच

- 3,000 करोड़ के ई-टेंडर घोटाले के खात्मे को नहीं मिली अदालत की मंजूरी

भोपाल (ए)। मप्र के बहुचर्चित ई-टेंडरिंग घोटाले की फिर से जांच होगी। दरअसल, 3,000 करोड़ रूपए के ई-टेंडर घोटाले में आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ द्वारा अदालत में खात्मा पेश किया था। अदालत में इस मामले की सुनवाई राम प्रताप मिश्र विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की अदालत में हुई। न्यायालय द्वारा सुनवाई के पश्चात ई-टेंडर घोटाले के खात्मा आवेदन को 24 दिसंबर 2024 को निरस्त कर दिया है। अदालत ने इस मामले की पुनः जांच करने के निर्देश राज्य आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ भोपाल को दिए हैं।गौरतलब है कि मप्र में शासकीय ठेकों को ई टेंडरिंग के माध्यम से भ्रष्टाचार रोकने की पहल ही भ्रष्टाचार का शिकार हो गई। टेंडर में शामिल रहीं कंपनियों ने 13 अन्य राज्यों में भी इसी तरह वहां सरकारी ठेके हथियाएं हैं। आरोपियों से पूछताछ में मप्र के आधा दर्जन आईएएस अधिकारी और उनसे जुड़े रहे लगभग एक दर्जन राज्य प्रशासनिक सेवा और निजी स्टाफ में शामिल रहे कर्मचारियों की संलिप्तता सामने आई थी। अदालत के फैसले के बाद ईओडब्ल्यू दोबारा जांच करेगा।




### लिव-इन में रह रहे कपल की अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर मांगे 20 लाख रुपये, पुलिस ने दोनों आरोपियों को पकड़ा

पानीपत (आरएनएस)। हरियाणा के पानीपत शहर में लिव-इन में रह रहे कपल की निजी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी सीसीटीवी लगाने का काम करते थे।

आरोपियों की पहचान राहुल निवासी घरौंडा व मंजीत निवासी बराना गांव के रूप में हुई है। आरोपियों ने लिव-इन में रह रहे कपल का निजी वीडियो वायरल करने के एवज 20 लाख रुपये की मांग कर रहे थे।

डीएसपी सतीश वत्स ने बताया कि हमें शिकायत मिली की लिव-इन में रह रहे जोड़े का अश्लील वीडियो बनाकर, उसे वायरल करने की धमकी देकर दो लोग कपल से 20 लाख रुपये की मांग कर रहे है। वह कभी 10 लाख कभी 20 लाख रुपये की मांग कर रहे थे। सीआईए-1 के इंचार्ज दीपक ने जांच करते हुए राहुल निवासी घरौंडा, मंजीत निवासी गांव बराना को गिरफ्तार किया। डीसीपी सतीश ने बताया कि दोनों आरोपी सीसीटीवी कैमरे ठीक करने और इंस्टॉल करने का काम करते हैं। आरोपियों ने लिव-इन कपल के सीसीटीवी कैमरों को फोन में इंस्टॉल करने के बहाने उनकी जी-मेल आईडी और पासवर्ड पूछ लिया था।

## मध्यप्रदेश में अगले 2 दिन ओले, बारिश और आंधी की संभावना



भोपाल (आरएनएस)। मध्यप्रदेश में अगले 2 दिन यानी, 27-28 दिसंबर को ओले, बारिश और आंधी का दौर रहेगा। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन समेत पूरे प्रदेश में मौसम बदला रहेगा। इस दौरान भोपाल, इंदौर, नर्मदापुरम, सागर और जबलपुर संभाग में ओले भी गिर सकते हैं। कुछ जिलों में हवा की रफ्तार 40-50Km तक रहेगी। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) और साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम एक्टिव है। वहीं, हवा का असर भी है। अगले 2 दिन सिस्टम का असर रहेगा। 29 दिसंबर को सिस्टम का असर कम हो जाएगा। फिर टेम्प्रेचर में गिरावट होगी। वहीं, कोहरा भी छाएगा।

### खेत में काम करने के दौरान युवक को लगा करंट,मौके पर हुई मौत

हरदा।(आरएनएस)। हंडिया थाना क्षेत्र के बिछोलामाल गांव में शुक्रवार सुबह करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। डॉक्टर्स ने पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। वहीं पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार बिछोलामाल गांव में रहने वाला सूरज(30) पिता भुजराम जाट अपने खेत में पानी देने गया था। इस दौरान वहां पड़े बिजली के तार को इक्ट्ठा कर रहा था। तभी उसे खेत की डीपी के पास करंट लग गया और वो वहीं बेसुध होकर गिर गया। जब आसपास काम कर रहे लोगों ने उसे जाकर देखा, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

### किसान को मिले 8.30 और 0.94 कैरेट के हीरे

पन्ना (आरएनएस)। जिले के रमखिरिया निवासी किसान रामनरेश दुबे को निजी भूमि की खदान से 2 हीरे मिले हैं। उन्होंने पांच साथियों के साथ जाकर हीरे को हीरा कार्यालय में जमा करा दिया, जिसमें एक बड़े हीरे का वजन 8.30 कैरेट है, वहीं छोटे हीरे का वजन 0.94 कैरेट है। दोनों हीरों की अनुमानित कीमत करीब 20 से 25 लाख रुपए बताई जा रही है।

पन्ना जिले के रमखिरिया गांव में रहने वाले रामनरेश दुबे ने ओमप्रकाश पांडे, महेंद्र तिवारी, भागवतदीन मिश्रा और अनिल मिश्रा के साथ निजी भूमि में हीरा कार्यालय से पट्टा बनवाकर खदान लगाई थी। बड़ा हीरा 8.30 कैरेट का और छोटा हीरा 94 सेंट का है।रामनरेश दुबे ने बताया कि साल 2024 के शुरुआती दौर में ही हीरा कार्यालय से पट्टा जारी कराकर साथियों के साथ निजी भूमि में हीरा खदान शुरू की थी। सालभर की कड़ी मेहनत के बाद साल के आखिरी दिनों में उनकी मेहनत सफल हुई और 2 नायाब हीरे मिले हैं।

हीरा पारखी अनुपम सिंह ने हीरों की परख व कागजी लिखा-पढ़ी कर कार्यालय में जमा कर दिए हैं। इस मामले में खनिज निरीक्षक नूतन जैन ने बताया कि यह हीरे आगामी नीलामी में रखे जाएंगे, जिससे प्राप्त होने वाली राशि से टैक्स एवं टीडीएस काटकर शेष रकम हीरा धारक के खाते में डाल दी जाएगी।





# किसानों को दलहन और तिलहन उत्पादन के लिए भी करें प्रोत्साहित : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने प्रदेश में जारी सोयाबीन उपार्जन की समीक्षा में दिए निर्देश

भोपाल (ए)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में सोयाबीन फसल उत्पादन में बीते वर्षों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। सरकार सोयाबीन का उपार्जन जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि सोयाबीन के अलावा किसानों को दलहन और तिलहन फसलों के उत्पादन के लिए भी प्रोत्साहित किया जायेगा। इसके लिए किसानों के साथ चर्चा कर योजना बनाई जाएगी। उद्यानिकी फसलों के उत्पादन में अधिक लाभ है, इसलिए किसानों को उद्यानिकी फसलों की ओर प्रवृत्त किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास में सोयाबीन उपार्जन की समीक्षा बैठक में यह बात कही। सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, किसान-कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव एवं कृषि उत्पादन आयुक्त मोहम्मद सुलेमान, अपर मुख्य सचिव सहकारिता अशोक बर्णवाल, प्रमुख सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण श्रीमती रश्मि अरूण शमी, सचिव किसान-कल्याण तथा कृषि विकास एम. सेलवेन्द्रन सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

**उपार्जन के बाद भुगतान भी जल्द से जल्द हो**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी सोयाबीन उत्पादक किसानों से उपार्जन कर उन्हें जल्द से जल्द भुगतान भी सुनिश्चित किया जाए। उपार्जन में किसानों को किसी भी प्रकार की कठिनाई या बारदाने की समस्या न आने पाए। उपार्जित सोयाबीन का उठाव और भंडारण विधिवत तरीके से हो और उपज को ओला-पाला एवं बारिश से बचाया जाये।

**31 दिसम्बर तक होगा सोयाबीन उपार्जन**



बैठक में सचिव किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने जानकारी दी कि प्रदेश में सोयाबीन उपार्जन 25 अक्टूबर से किया जा रहा है, जो 31 दिसम्बर तक चलेगा। गत 26 दिसम्बर तक 2 लाख 4 हजार किसान अपना सोयाबीन बेच चुके हैं। इन किसानों से 5 लाख 89 हजार मीट्रिक टन सोयाबीन उपार्जित किया गया है। आगामी 31 दिसम्बर तक करीब साढ़े 6 लाख मीट्रिक टन सोयाबीन उपार्जन का अनुमान है। प्रदेश में भोपाल संभाग में सर्वाधिक 180198.04 लाख मीट्रिक टन सोयाबीन उपार्जित किया गया है। उज्जैन संभाग में 149974.54 लाख मीट्रिक टन, सागर संभाग में 93495.33 लाख मीट्रिक टन एवं नर्मदापुरम संभाग में 93287.44 लाख मीट्रिक टन सोयाबीन उपार्जित किया गया है। सोयाबीन का समर्थन मूल्य 4 हजार 892 रूपए प्रति क्विंटल है। किसानों को 1957.1 करोड़ रूपए उपार्जन राशि का भुगतान अब तक किया जा चुका है।

# ईडी ने सौरभ शर्मा के कार्यालय और घर में मारा छापा

## -सीआरपीएफ जवानों के साथ ईडी टीम की जांच जारी



भोपाल,(ए)! मध्य प्रदेश परिवहन विभाग के पूर्व सिपाही सौरभ शर्मा के भोपाल और ग्वालियर स्थित आवास व कार्यालय पर शुक्रवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने छापा मार कार्रवाई की है! लोकायुक्त छापे के बाद से ही सौरभ व उनकी पत्नी फरार चल रहे हैं, ऐसे में ईडी टीम ने आज सुबह उनके निवास में पहुंच जांच शुरु की है! जानकारी अनुसार शुक्रवार सुबह ईडी की टीम भोपाल और ग्वालियर स्थित सौरभ शर्मा के घर और दफ्तर पहुंची है! गौरतलब है कि लोकायुक्त की कार्रवाई के बाद से ही फरार चल रहे सौरभ शर्मा के अरेरा कॉलोनी ई-7 स्थित आवास और कार्यालय में सीआरपीएफ जवानों के साथ ईडी ने सर्चिंग शुरु की है। वहीं दूसरी तरफ ग्वालियर में विनय नगर सेक्टर-2 स्थित सौरभ शर्मा के पैतृक मकान पर भी एजेंसी ने छापा मारा है। भोपाल और ग्वालियर के पॉश इलाकों में सौरभ के आवास पर ईडी टीम जांच कर रही है।यहां बताते चलें कि लोकायुक्त छापे के बाद से आरोपी सौरभ और उनकी पत्नी दिव्या फरार चल रहे हैं और उसकी तरफ से वकील ने अदालत में अग्रिम जमानत के लिए याचिका दायर की हुई थी, जिसे अदालत खारिज कर चुकी है।

## 8वीं की छात्रा के साथ की अश्लील हरकत आरोपी गिरफ्तार

भोपाल(ए)। निशातपुरा इलाके में घर के बाहर खेल रही 8 वीं की छात्रा के साथ पड़ोस में रहने वाले आरोपी युवक द्वारा अश्लील हरकतें किये जाने की घटना सामने आई है। बाद में नाबालिग रोते हुए घर पहुंची और मां को बताया की पड़ोस में रहने वाला अंकल कई दिनों से छेड़छाड़ कर रहा है। जानकारी लगने पर मां बच्ची को लेकर थाने पहुंची जहॉ पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला कायम कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार इलाके में रहने वाली 12 साल की बच्ची स्कूली छात्रा है। उसके पड़ोस में ही आरोपी राजकुमार राजकुमार लोधी (30) मूल रूप से राजगढ़ जिले का रहने वाला है, और यहां रहते हुए मेहनत-मजदूरी करता है। राजकुमार विवाहित है, उसके दो बच्चे है। बीती शाम को छात्रा अपने घर के बाहर खेल रही थी, उसी दौरान वहॉ आये राजकुमार ने उसके साथ अश्लील हरकत कर दी। उसकी करतूत से बच्ची डर के मारे रोते हुए मां के पास पहुच गई।

# लाइटर जैसी पिस्टल से ढाबा कर्मचारियों पर धौंस जमाने वाला गिरफ्तार

## बिल न देना पड़े इसलिये पहुंचा था नकली पिस्टल लेकर, पुलिस ने निकाला जुलूस



भोपाल(ए)। रातीबड़ थाना इलाके में स्थित नीलबड़ के एक रेस्टोरेंट में एक युवक नकली पिस्तौल लेकर पहुंचा और वहॉ रेस्टोरेंट मालिक को चमका दिया। फरियादी ने फोन कर पुलिस टीम को बुलाया और पुलिस ने आरोपी और उसके दोस्त के खिलाफ मामला दर्ज कर दोनो को दबोच लिया। जानकारी के अनुसार बुधवार शाम आरोपी मुकुल रघुवंशी अपने दोस्तों के साथ नीलबढ़ मेंडोरी रोड पर स्थित एंग्री हट ढाबे पर खाना खाने पहुंचा था। बताया गया है की वह नशे की हालत में था। खाना खाने के बाद बिल देते समय मुकुल रेस्टोरेंट के कर्मचारियों के साथ विवाद करते हुए वहॉ से जाने का प्रयास करने लगा। ढाबा कर्मचारियों को अहसास हुआ की मुकुल रघुवंशी बिना बिल का भुगतान किये वहॉ से निकलना चाहता है।इस पर कर्मचारियों ने रेस्टोरेंट का गेट बंद कर दिया। जिसके बाद आरोपी ने अपने पास रखी नकली पिस्टल निकाली और रेस्टोरेंट में घुमते हुए कर्मचारियों पर रौब जमाने लगा। इस दौरान रेस्टोरेंट में मौजूद कई परिवार डर गए थे। मामला बढ़ता देख रेस्टोरेंट मालिक अरेरा कॉलोनी निवासी राहुल मिश्रा ने फोन कर पुलिस बुला ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने राहुल मिश्रा की शिकायत पर आरोपी नकुल रघुवंशी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से नकली पिस्तौल बरामद की है। पुलिस ने इलाके में उसका जुलूस भी निकाला, बताया गया है कि आरोपी मुकुल विदिशा जिले के गंजबासौदा का रहने वाला है, फिलहाल वह कमलानगर थाना इलाके में स्थित नेहरू नगर में रहते हुए हमीदिया अस्पताल की कैंटीन संचालन का काम करता है।

## वन मण्डल उमरिया में बाघ के हमले में मृत महिला के परिजन को दी जायेगी आर्थिक सहायता

भोपाल (आरएनएस)। वन मण्डल उमरिया के अंतर्गत वन परिक्षेत्र घुनघुटी की बीट अरहरियादादर कक्ष क्रमांक आर.-239 में वन्य-प्राणी बाघ द्वारा लकड़ी बीनने गयी महिला बचनी बाई पर हमला किया गया, जिससे उसकी मृत्यु हो गयी। वन विभाग द्वारा शासन के नियमानुसार महिला के परिजन को आर्थिक सहायता दी जाने की कार्यवाही की जा रही है। वन मण्डलाधिकारी उमरिया ने बताया कि पीड़ित परिवार को वन विभाग द्वारा हर संभव तात्कालिक सहायता प्रदान की जा रही है।वन मण्डलाधिकारी वन मण्डल उमरिया ने बताया कि 25 दिसम्बर को दूरभाष पर सूचना प्राप्त हुई कि वन परिक्षेत्र घुनघुटी के बीट अरहरियादादर कक्ष क्रमांक आर.-239 के बडका डोडबहार में महिला का शव झाड़ियों में मिला है। महिला के शव के आसपास निरीक्षण करने पर बाघ के पदचिन्ह मिले, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि बाघ द्वारा महिला पर हमला किया गया। घटना स्थल पर तहसीलदार पाली, हलका पटवारी, चौकी घुनघुटी का पुलिस स्टॉफ, सरपंच अमीलिहा और मृतका के परिजन की मौजूदगी में पंचनामा तैयार कराया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पाली में पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम के बाद पीड़िता का शव अंतिम संस्कार के लिये उनके परिजनों को सौंप दिया गया। कार्यवाही के दौरान वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि वन्य-प्राणी विचरण क्षेत्र में मुनादी कर ग्रामीणों को वन्य-प्राणियों से सुरक्षित रहने की समझाइश दी जा रही है।

## विविध-समाचार

### पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने व्यक्त किया शोक

भोपाल (आरएनएस)। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने प्रख्यात अर्थशास्त्री, भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर गहन शोक व्यक्त किया है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि उनकी विद्वत्ता, सादगी और कर्तव्यनिष्ठा हमेशा प्रेरणा का स्त्रोत बनी रहेंगी। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने और परिजनों व प्रशंसकों को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव का पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने किया अभिनंदन

भोपाल (आरएनस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को सौजन्य भेंट के लिए पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती के श्यामला हिल्स स्थित निवास पहुंचे। इस अवसर पर सुश्री भारती ने कहा कि बुंदेलखंड अंचल की तस्वीर बदलने वाली विश्व की पहली नदी जोड़ो परियोजना केन-बेतवा का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जाना अभिनन्दनीय है। इस परियोजना की मंजूरी कई वर्ष से लंबित थी। प्रधानमंत्री श्री मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रयासों से ही यह संभव हुआ है। यह अपने आप में एक महत्वपूर्ण परियोजना है।

### मऊगंज में भीषण सड़क हादसा,बोलेरो वाहन ने कुचला, 2 की दर्दनाक मौत , वाहन में तोड़फोड़, चालक फरार

भोपाल(आरएनएस)। मऊगंज जिले के हनुमना में दो लोगों को फोर व्हीलर वाहन ने तक्कड़ मारते हुए कुचल दिया है , रीवा और मऊगंज में स्वास्थ्य व्यवस्था चरमराई सूचना के बाद भी नहीं पहुंची 108 एंबुलेंस गंभीर रूप से घायल हुए दो युवकों ने तोड़ा दम समय पर नहीं मिली जीवनदायनी 108 एमपी में कहने को तो विन्ध्य का सबसे बड़ा अस्पताल रीवा का संजय गांधी अस्पताल माना जाता है मगर मध्य प्रदेश के डिप्टी सीएम के गृह ग्राम जिला रीवा व मऊगंज में स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल एक बार फिर से खुलती नजर आई है ।

### एमपी ट्रांसको की त्रैमासिक रिव्यू मिटिंग

भोपाल (आरएनएस)। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्यालय जबलपुर में आयोजित दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय त्रैमासिक रिव्यू मीटिंग में प्रबंध संचालक इंजीनियर सुनील तिवारी ने निर्देश दिए कि फील्ड के अधिकारी समय रहते प्रदेश की ट्रांसमिशन लाइनों का मेंटेनेन्स सुनिश्चित कर लें। बैठक में वर्तमान रबी सीजन में ट्रांसमिशन लाइनों और सबस्टेशनों पर लोडिंग की समीक्षा भी की गई। प्रबंध संचालक इंजी. सुनील तिवारी ने वर्तमान रबी सीजन के दौरान मध्यप्रदेश में बढ़ते हुये लोड के मद्देनजर चाक-चौबंद व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिए ताकि ट्रांसमिशन सिस्टम की स्थिरता कायम रखी जा सके। उन्होंने वर्तमान में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा कर निर्देश दिये कि कार्यों की वर्क वाइस मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाये एवं उच्चतम मापदंडो के साथ सर्वोत्तम गुणवत्ता से कार्य समयसीमा में पूर्ण किये जावें। उन्होंने एम.पी. ट्रांसको में विभिन्न कार्यशालाओं के माध्यम से आयोजित की जा रही ट्रेनिंग के कारण आये गुणात्मक परिवर्तन की निरंतरता को बनाये रखने के निर्देश भी दिये। प्रबंध संचालक ने निर्देश दिए की फील्ड के अधिकारी ई.एच.टी. लाइनों और सब स्टेशनों में जीरो एक्सीडेंट लक्ष्य को ध्यान में रखकर सतर्कता और सुरक्षा के साथ मेंटेनेंस करें। उन्होंने कहा कि कंपनी में सुरक्षा के साथ कार्य करने का वर्क कल्चर निर्मित हो, क्योंकि मानव जीवन से महत्वपूर्ण कुछ नहीं है, अतः कार्य के दौरान सुरक्षा मापदंडों का पालन कड़ाई से कराया जाये।

## भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का 100वां स्थापना दिवस समारोह 28 दिसम्बर को

भोपाल (ए)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के 100 वे स्थापना वर्ष के अवसर पर होने वाले शताब्दी समारोहों की श्रृंखला की प्रथम कड़ी के तहत आगामी 28 दिसम्बर 2024 को दोपहर 2 बजे स्थानीय गांधी भवन (पॉलिटेक्निक कॉलेज चौराहे के समीप) भोपाल में समारोह आयोजित होगा । भाकपा :संघर्ष और कुर्बानी की सदी विषयक समारोह में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की राष्ट्रीय सचिव कॉमरेड अमरजीत कौर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करेंगी।समारोह में भाकपा के मध्य प्रदेश राज्य सचिव कॉमरेड अरविन्द श्रीवास्तव,वरिष्ठ नेता और मार्क्सवादी चिंतक कॉमरेड अजित कुमार जैन,वरिष्ठ साहित्यकार कॉमरेड रमाकांत श्रीवास्तव भी भाकपा के गौरवशाली इतिहास,संघर्ष और कुर्बानी विषयक संबोधित करेंगे। समारोह की अध्यक्षता भाकपा के राज्य सह सचिव कॉमरेड हरिद्वार सिंह करेंगे । समारोह में भाकपा के वरिष्ठतम नेता और स्वाधीनता सेनानी कॉमरेड कृष्ण मोदी जी का अभिनन्दन किया जाएगा ।इस अवसर पर भाकपा के सौ साल के इतिहास पर केन्द्रित प्रदर्शनी और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

## 07730/07731 हैदराबाद-अजमेर-हैदराबाद उर्स स्पेशल ट्रेन



भोपाल (निप्र)। रेल प्रशासन द्वारा अजमेर उर्स के दौरान अतिरिक्त यातायत क्लियर करने एवं श्रद्धालुओं/यात्रियों को सुगम, सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गाड़ी संख्या 07730/07731 हैदराबाद-अजमेर-हैदराबाद स्पेशल ट्रेन 01-01 ट्रिप चलाई जा रही है, जो भोपाल स्टेशन पर ठहरकर गंतव्य तक जाएगी। गाड़ी संख्या 07730 हैदराबाद-अजमेर स्पेशल ट्रेन दिनांक 03 जनवरी को हैदराबाद स्टेशन से 16.00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 13.05 बजे भोपाल और मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन 06.15 बजे अजमेर स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 07731 अजमेर - हैदराबाद स्पेशल ट्रेन दिनांक 08 जनवरी को अजमेर स्टेशन से 20.00 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन 09.45 बजे भोपाल एवं मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन 07.45 बजे हैदराबाद पहुंचेगी। गाड़ी के हाल्ट : रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में सिकंदराबाद, मलकाजगिरी, मेडचल, कामारेड्डी, निजामाबाद, बसर, धर्माबाद, मुदखेड, नांदेड़, पुर्णा, बसमत, हिंगोली, वाशिम, अकोला, मलकापुर, बुरहानपुर, खंडवा, भोपाल, उज्जैन, रतलाम, मंदसौर, नीमच, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, बिजयनगर, नसीराबाद स्टेशनों पर रुकेगी। कोच संरचना: इस विशेष ट्रेन में 20 शयनयान श्रेणी, 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी एवं 02 एसएलआर सहित में कुल 24 डिब्बे रहेंगे । यात्रीगण कृपया असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा एनटीईएस /139 रेल मदद से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी पता करके तदनुसार यात्रा प्रारम्भ करें।

# विज्ञान मेला का हुआ उद्घाटन, पहले दिन विज्ञान एवं नवाचार पर ज़ोर

## विज्ञान और समाज के बीच सेतु निर्माण आवश्यक है : प्रवीण रामदास

भोपाल (विलक्षण सक्सेना)। विज्ञान और समाज के बीच सेतु निर्माण आवश्यक है और विज्ञान को व्यवहारिक जीवन के साथ सामंजस्य स्थापित कर कैसे आगे बढ़ सकते है इस बात को सभी वैज्ञानिक एवं अकादमिक संस्थानों को समझना चाहिए यह वक्तव्य है विज्ञान भारती के राष्ट्रीय सह संगठन सचिव प्रवीण रामदास के। वह 11 वें भोपाल विज्ञान मेला के उद्घाटन सत्र में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हमे पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम और अन्य महान वैज्ञानिकों के योगदान को हमेशा याद रखते हुए देश हित में विज्ञान से विकास के बारे में कार्य करना चाहिए। उन्होंने विज्ञान और समाज के समन्वय पर जोर दिया। इस अवसर पर महानिदेशक, मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, डॉ. अनिल कोठारी ने विज्ञान की बात जन-जन के साथ की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि विज्ञान को मातृभाषा में समझाना आवश्यक है। उन्होंने छात्रों को मौलिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहते हुए वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने की सलाह दी। डॉ. अमोध गुप्ता, अध्यक्ष, विज्ञान भारती मध्यभारत ने स्वदेशी विज्ञान आंदोलन पर प्रकाश डालते हुए स्वदेशी विज्ञान को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। डॉ. सुधीर भदौरिया, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, विज्ञान भारती ने विज्ञान मेले को एक उत्सव की संज्ञा देते हुए कहा कि विज्ञान को समाज में एक सशक्त माध्यम के रूप में अपनाना चाहिए।




**प्रथम दिवस की महत्त्वपूर्ण उपलब्धियाँ**

भोपाल मेला विज्ञान का प्रथम दिवस नवाचार और स्वदेशी विज्ञान के संगम पर आधारित रहा। विद्यालयीन और महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर अपने वैज्ञानिक प्रदर्शों का प्रस्तुतीकरण किया। मेले में 150 से अधिक वैज्ञानिक मॉडल प्रस्तुत किए गए हैं, जो नवाचार और विज्ञान को लोकप्रिय बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। भोपाल विज्ञान मेला के प्रथम दिवस विज्ञान प्रतिभा पुरस्कार से सम्बंधित सत्र आयोजित किया गया जो कि विद्यालयीन छात्र छात्राओं के लिए था। इसमें एम्प्री के प्रधान वैज्ञानिक डॉ एन सतीश ने छात्रों के रोचक प्रश्नों के उत्तर दिए। तीसरे सत्र में मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना पर भी एक व्याख्यान हुआ। इसमें विज्ञान के क्षेत्र में युवाओं के लिए करियर निर्माण के बारे में भी बात की गयी। 18-29 वर्ष के मध्यप्रदेश के युवाओं को विज्ञान एवं कौशल-आधारित प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से यह योजना शुरू की गई है।

# 06216 मैसूर-लखनऊ कुम्भ मेला एक तरफ़ा विशेष ट्रेन

## भोपाल मंडल के तलवडिया, छनेरा ,खिरकिया, हरदा, बनापुरा, इटारसी, भोपाल एवं बीना स्टेशनों से होकर गुजरेगी

भोपाल (निप्र)। रेल प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं एवं यात्रियों को सुगम, सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कुम्भ मेला विशेष ट्रेनें संचालित की जा रही हैं। इसी कड़ी में, गाड़ी संख्या 06216 मैसूर - लखनऊ कुम्भ मेला विशेष ट्रेन चलाई जा रही है, जो भोपाल मंडल के तलवडिया, छनेरा ,खिरकिया, हरदा, बनापुरा, इटारसी, भोपाल एवं बीना स्टेशनों पर ठहरकर गंतव्य तक जाएगी। गाड़ी संख्या 06216 मैसूर-लखनऊ कुम्भ मेला विशेष ट्रेन दिनांक 29 दिसंबर 2024 को मैसूर स्टेशन से रात्रि 00.30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 09.35 बजे तलवडिया, 10.35 बजे छनेरा ,11.20 बजे खिरकिया, 11.58 बजे हरदा, 12.30 बजे बनापुरा, 13.10 बजे इटारसी, 15.35 बजे भोपाल, 18.00 बजे बीना एवं मार्ग के अन्य




स्टेशनों से होते हुए दुसरे दिन प्रातः 04.00 बजे लखनऊ स्टेशन पहुंचेगी।

गाड़ी के हाल्टः

रास्ते में यह गाड़ी मैसूरु जंक्शन, मल्लेश्वरम, केएसआर बेंगलुरु सिटी जंक्शन, यशवंतपुर जंक्शन, तुमकुर, अरसीकेरे जंक्शन, कदुरू, चिक्जाजुर, दावणगेरे, हावेरी, हुबली जंक्शन, धारवाड़, बेलगावी, घटप्रभा, मिरज जंक्शन, सांगली, कराड, पुणे जंक्शन, अहमदनगर, मनमाड जंक्शन, भुसावल जंक्शन, खंडवा जंक्शन, तलवडिया, छनेरा, खिरकिया, हरदा, बनापुरा, इटारसी जंक्शन, भोपाल जंक्शन, बीना जंक्शन, वीरांगना लक्ष्मीबाई जंक्शन, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ जंक्शन स्टेशनों पर रुकेगी।

कोच संरचनाः

इस विशेष ट्रेन में कुल 20 डिब्बे होंगे, जिनमें 07 स्लीपर डिब्बे, 11 सामान्य श्रेणी के डिब्बे एवं 02 एसएलआरडी डिब्बे शामिल हैं। यात्रियों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा NTES/139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी पता करके तदनुसार यात्रा प्रारम्भ करें।

# पशुधन की गणना के लिए अपने पशुओं की सही जानकारी अवश्य दें : मंत्री श्री पटेल

## प्रदेश में जारी है 21वीं पशु संगणना 2024




भोपाल (ए)। भारत सरकार के निर्देशन में पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा 21वीं पशु संगणना 2024 का कार्य सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में 25 अक्टूबर 2024 से प्रारंभ हो चुका है। पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री, स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल ने प्रदेश के सभी पशुपालकों से अपील की है कि जब पशुपालन विभाग से कर्मचारी उनके पशुधन की गिनती के लिए आएं, तो उन्हें अपने पशुओं की सही जानकारी अवश्य् दें। कोई घर-कोई पशुधन गणना से न छूटे। इस भावना से कार्य करें कि मेरे पशु मेरी जिम्मेदारी है। यह राष्ट्रीय महत्व का कार्य है, इसमें सभी अपना पूरा सहयोग दें।

मंत्री श्री पटेल ने बताया कि प्रदेश के 55 जिलों के कुल 55902 ग्रामों व 7846 शहरी वार्डों में पशुओं की गणना की जाएगी। प्रदेश में आज तक कुल 7077 ग्राम/शहरी वार्डों में सर्वे कार्य प्रारंभ हो चुका है, शेष ग्रामों /शहरी वार्डों में सर्वे कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। प्रदेश में पशु संगणना में 5558 प्रगणक एवं 970 सुपरवाईजर कार्य कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019 की पशुगणना के अनुसार मध्यप्रदेश में 6 करोड़ से अधिक पशु थे। इसके अनुसार पशुओं की संख्या की दृष्टि से मध्यप्रदेश देश मैं तीसरे स्थान पर है।

# जबलपुर में हुई ट्रेन की जांच, बोगी के नीचे पहियों के पास छिपा था युवक, बोला- इटारसी से ऐसे ही आया




जबलपुर (ए.)। ट्रेन में असामान्य तरीके से सफर करने के किस्से कई बार सुनने और देखने को मिलते हैं, लेकिन पश्चिम मध्य रेल जोन के जबलपुर रेलवे स्टेशन पर घटी एक घटना ने सभी को हैरत में डाल दिया है। दानापुर एक्सप्रेस के प्लेटफॉर्म पर रुकने के दौरान कैरिज एंड वैगन विभाग (एसीएंडडब्ल्यू) के कर्मचारियों ने एक व्यक्ति को ट्रेन की बोगी के नीचे लगी ट्रॉली में छिपा हुआ देखा। यह घटना तब हुई, जब इटारसी से करीब 250 सौ किलोमीटर चलकर आई ट्रेन का रोलिंग परीक्षण किया जा रहा था।

जबलपुर स्टेशन के आउटर पर एस-4 कोच के पास जांच के दौरान कर्मचारी की नजर ट्रॉली में लेटे एक व्यक्ति पर पड़ी। इसके बाद तुरंत ट्रेन रुकवाई गई और ट्रॉली में छुपे व्यक्ति को बाहर निकाला गया। इस दृश्य ने न केवल रेल कर्मचारियों बल्कि वहां मौजूद सभी लोगों को हैरान कर दिया। इस प्रकार यात्रा करने का जोखिम जान से खिलवाड़ है।

बाहर निकाले गए व्यक्ति ने बताया कि वह करीब 250 सौ किलोमीटर सफर कर इटारसी से इस तरह ट्रेन में आया है। हालांकि उसकी पहचान और इस खतरनाक कदम के पीछे का कारण पुलिस जांच का विषय है। इस घटना ने रेलवे सुरक्षा और मानवीय जीवन के प्रति लापरवाही पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

दरअसल इटारसी से जबलपुर आने वाली ट्रेन की जांच के दौरान कैरिज एंड वैगन विभाग (एसीएंडडब्ल्यू) के कर्मचारियों ने ट्रेन की रोलिंग जांच के दौरान एक व्यक्ति को बोगी के नीचे ट्रॉली में छिपा हुआ देखा। कर्मचारी आउटर पर कोचों के अंडर गियर की जांच कर रहे थे, तभी एस-4 कोच के नीचे लगी ट्रॉली में छिपे व्यक्ति पर उनकी नजर पड़ी। उन्होंने तुरंत ट्रेन को रुकवाया और उस व्यक्ति को बाहर निकाला। घटना के बाद जिम्मेदार अधिकारियों ने इस पर गहरी चिंता जताई। उनका मानना था कि अगर कोई अनहोनी हो जाती, तो यह बड़ा हादसा हो सकता था। युवक ने बताया कि वह इटारसी से ट्रॉली में छिपकर यहां तक आया है।

पश्चिम मध्य रेलवे के सीपीआरओ हर्षित श्रीवास्तव ने कहा कि मामले की जांच आरपीएफ पुलिस को सौंप दी गई है। रेलवे प्रबंधन ने इस घटना को गंभीरता से लिया है और सुरक्षा उपायों को और मजबूत करने की आवश्यकता जताई है। यह घटना न केवल हैरान करने वाली है बल्कि एक चेतावनी भी है कि लोगों को अपनी सुरक्षा के साथ इस तरह का खिलवाड़ नहीं करना चाहिए।

# 19 साल पहले पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की यात्रा इंदौर के विकास के लिए टर्निंग पाइंट थी



इंदौर पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री बनने के बाद पांच मर्तबा इंदौर आए। प्रधानमंत्री के रुप में वर्ष 2005 में उनकी इंदौर यात्रा विकास के मामले में टर्निंग पाइंट साबित हुई थी। तब जवाहर लाल शहरी नवीनीकरण मिशन योजना तत्कालीन यूपीए सरकार ने शुरू की थी। सिंह तब बंगाली प्रतिमा पर लगी पूर्व केंद्रीय मंत्री माधवराव सिंधिया की प्रतिमा के अनावरण के लिए आए थे। इंदौर विकास प्राद

पूर्व प्रधानमंत्री सिंह ने इंदौर के चार प्रोजेक्टों को उसके लिए मंजूर किया था। इंदौर में तब 25 साल से लोकसभा सीट कांग्रेस नहीं जीत पाई थी। इसके बावजूद सिंह ने इंदौर से भेदभाव नहीं किया।

इंदौर में जवाहर लाल नेहरु शहरी नवीनीकरण मिशन के तहत व्हाईट चर्च रोड, एमआर-9 मार्ग, मल्टीलेवल पार्किंग के काम शुरू हुए। इसके अलावा शहरी परिवहन को बढ़ावा देने के लिए नई सिटी बसें भी खरीद गई। तब डेढ़ हजार करोड़ रुपये से अधिक के काम इंदौर में इस प्रोजेक्ट के तहत हुए।

**पहली बार वर्ष 2001 में इंदौर आए थे सिंह**

सिंह पहली बार वर्ष 2001 में इंदौर आए थे। तब वे राज्यसभा में विपक्ष के नेता थे। वे इंदौर के एक स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए थे। इसके बाद वे वर्ष 2009 लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए आए थे और नेहरु स्टेडियम में एक सभा को संबोधित किया था। इसके अलावा वे इंदौर-दाहोद रेल परियोजना के भूमिपूजन के समय आए थे। वे इंदौर से झाबुआ गए थे। सिंह इंदौर में अंतिम बार वर्ष 2018 में विधानसभा चुनाव में प्रचार के लिए आए थे।

## इंदौर में दिन दहाड़े चाकू मारकर युवक की गला रेत कर हत्या



इंदौर (ए.)। इंदौर के परदेशीपुरा क्षेत्र में एक युवक की दिनदहाड़े हत्या कर दी गई। उसका रात को एक युवक से विवाद था। आशंका है कि उसी युवक ने हत्या की। आरोपी ने एक के बाद एक 20 वार चाकू से किए फिर गला रेत दिया। मौके पर ही युवक की मौत हो गई। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। परदेशीपुरा क्षेत्र में रहने वाला युवक विनोद एक होटल में वेटर का काम करता था। उसका रात को कुलकर्णी भट्टा क्षेत्र में रहने वाले युवक से विवाद हुआ था। फिलहाल आरोपी को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर पाई। विनोद शुक्रवार दोपहर घर से निकला था। हमलवार पीछे से आया और युवक पर चाकू से वार करने लगा। विनोद सड़क पर गिर पड़ा तो बार-बार आरोपी ने चाकू से वार किए। इसके बाद उसने गला भी काट दिया। हत्या के समय लोग भी सड़कों पर थे। उन्होंने हत्यारे को देखा, लेकिन किसी की हिम्मत विनोद को बचाने की नहीं हुई,क्योकि हत्यारे के सिर पर खून सवार था। आररोपी हत्या के बाद भाग गया।

# अविवाहित गर्भवती युवती की मौत से लिव-इन रिलेशनशिप और ठगी का खुलासा, जानें पूरा मामला



बैतूल(ए.)। बैतूल जिले में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां एक युवती की मौत ने लिव-इन रिलेशनशिप की आड़ में ठगी और शोषण की गंभीर कहानी उजागर की है। पांच महीने की गर्भवती युवती की मौत के बाद उसके साथी की साजिशें और आपराधिक गतिविधियां सामने आईं हैं।

**अस्पताल में युवती को छोड़कर फरार हुआ साथी**

जानकारी के मुताबिक, 14 दिसंबर को एक बेसुध युवती को बैतूल जिला अस्पताल लाया गया। युवती के साथ आए युवक ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया और तुरंत फरार हो गया। इलाज के दौरान अगले दिन 15 दिसंबर को युवती की मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने खुलासा किया कि युवती गर्भवती थी, जिससे मामला और पेचीदा हो गया।

**पिता की संपत्ति और बैंक खाते का गबन**

मृतका के परिवार ने बताया कि युवती अपने रिटायर्ड पिता के बैंक खाते का संचालन करती थी। खाते में 90 लाख रुपये जमा थे, लेकिन अब केवल 45 लाख रुपये बचे हैं। यह तथ्य सामने आने के बाद पुलिस ने युवती के लिव-इन पार्टनर पवन पवार को संदेह के घेरे में लिया।

**आरोपी ने प्यार की आड़ में की ठगी**

पुलिस जांच में पता चला कि आरोपी पवन पवार ने युवती से संबंध बनाने के पीछे उसकी संपत्ति को हड़पने का षड्यंत्र रचा था। दो साल से लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाला पवन, युवती के खाते से पैसे निकालने और अपनी भौतिक इच्छाओं को पूरा करने में लगा था।

**फर्जी दस्तावेजों के जरिए ठगी**

पवन ने दो फर्जी नाम पवन पवार और राजा अली के आधार पर अलग-अलग पहचान पत्र और बैंक खाते बनवाए। उसने युवती के खाते से आठ लाख रुपये ट्रांसफर कर इन पैसों से दो लग्जरी कार और एक स्कूटी खरीद ली।

**गिरफ्तारी और सबूत जब्त**

फिलहाल पुलिस ने आरोपी पवन पवार को गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली थाना प्रभारी रविकांत डेहरिया ने बताया कि आरोपी के पास से दो कार, एक स्कूटी, फर्जी आधार कार्ड और बैंक पासबुक जब्त की गई है। पूछताछ में आरोपी ने अपने अपराधों को कबूल कर लिया है।

## ग्वालियर में बदमाशों ने एटीएम को काटा और कैश लूट ले गए, घटना सीसीटीवी में कैद




ग्वालियर (ए.)। ग्वालियर में बदमाश स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम को काटकर कैश लूट ले गए। वारदात को गुरुवार और शुक्रवार की दरमियानी रात करीब सवा 3 बजे बहोड़ापुर के आनंद नगर इलाके में अंजाम दिया गया। फिलहाल लूटी गई रकम की जानकारी नहीं मिल सकी है।

पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह का कहना है कि अनिल सिकरवार के मकान में लगे एटीएम को बदमाशों ने गैस कटर से काटा। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में दिखा है कि रात करीब सवा 3 बजे सफेद रंग की कार में 4-5 बदमाश एटीएम पर पहुंचे और महज 17 मिनट में कैश लेकर भाग निकले। वारदात का तरीका हरियाणा के मेवाती गैंग जैसा है। हालांकि इसी महीने डबरा में हुई 9 लाख की एटीएम लूट में सहारनपुर के वाहिद गैंग का नाम सामने आया था।

बदमाशों ने सबसे पहले एटीएम के फ्रंट कैमरे पर स्प्रे कर उसे ब्लैक कर दिया। इसके बाद हैंड गैस कटर मशीन से एटीएम के चेसिस को काटकर कैश निकाला।एटीएम के पास संदिग्ध गतिविधियां देखकर एक स्थानीय नागरिक ने डायल 100 पर सूचना दी थी। इस पर डायल 100 और अन्य थानों का बल मौके पर पहुंचा, लेकिन बदमाश वहां से भाग चुके थे। पुलिस की जांच में पता चला है कि गुरुवार शाम को ही बैंक के कर्मचारियों ने एटीएम में कैश भरा था।

# 'नाथेश्वर धाम' के बाबा पर दुष्कर्म का आरोप, झाड़ फूंक के नाम पर कराया हवन, धुआं उठते ही महिला हुई बेहोश

सागर (ए.)। सागर जिले की माल्थोन तहसील के पथरिया वामन गांव में 'नाथेश्वर धाम' के बाबा ओंकार मिश्रा पर एक महिला ने झाड़-फूंक के नाम पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पीड़ित महिला ने सागर एसपी से शिकायत की। इसके बाद पुलिस ने जांच करते हुए बाबा ओंकार मिश्रा नाथेश्वर धाम सरकार के खिलाफ दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

जानकारी के अनुसार, 24 दिसंबर को 34 वर्षीय महिला ने एसपी कार्यालय पहुंचकर शिकायत की थी। बताया था कि बांदरी क्षेत्र में रामसखा आश्रम के बाबा ओंकार मिश्रा (नाथेश्वर धाम सरकार) दो साल पहले मिले थे। मैं अपने पति के साथ गयाजी जा रही थी। तभी बस में




बाबा मिला। उसने पति के साथ जान-पहचान बनाई। बाबा ने पितरों की मुक्ति के लिए उसके पति को भागवत कथा कराने का संकल्प दिला दिया। इसके बाद पिछले साल पितृपक्ष में मूल पाठ कराया। बाबा घर पर आठ दिन तक रुका। इसी दौरान बाबा ने मोबाइल से पीड़िता के साथ कुछ फोटो भी क्लिक कर लिए। फिर आए दिन कॉल कर पति और पीड़िता से आश्रम आकर दरबार में पर्चा बनवाने व समस्या का समाधान कराने को बुलाने लगा। इस पर पीड़िता दिसंबर 2023 को पति के साथ बाबा के आश्रम पर गई। वहां बाबा ने पर्चा बनाया और अक्सर बीमार रहने से छुटकारा दिलाने के लिए आश्रम में ही लालमिर्ची का तांत्रिक हवन-पूजन व उतारा कराने का बोला। भरोसे में आकर वह पूजन कराने के लिए राजी हो गए। इसके बाद पीड़िता को बाबा आश्रम के कमरे में ले गया। कमरे में ले जाकर बाबा ने आग में कुछ डाला और धुआं उठा, जिससे पीड़िता बेहोश हो गई। उसे जब होश आया तो उसे शक हुआ कि उसके साथ गलत काम हुआ है। बाबा से बोला तो वह तांत्रिक क्रिया करने की धमकी देने लगा। इसके बाद से बाबा लगातार परेशान करने लगा।

शिकायत पर एसपी ने बांदरी थाना पुलिस को मामले की जांच के निर्देश दिए थे। बांदरी पुलिस ने प्रकरण में जांच करते हुए बाबा ओंकार मिश्रा के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। बांदरी थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह बुंदेला ने बताया कि महिला की शिकायत पर बाबा के खिलाफ दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज किया है। हर पहलू पर जांच की जा रही है।

## व्यापार समाचार

# आरबीआई गवर्नर बोले-आर्थिक सुधारों के वास्तुकार रहे मनमोहन सिंह, राजन ने कहा- वे दूरदर्शी थे

नई दिल्ली (ए.)। भारत के आर्थिक सुधारों के वास्तुकार के रूप में डॉ. मनमोहन सिंह ने अपने योगदान से अमिट छाप छोड़ी है। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि देते हुए यह बात कही। पूर्व प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री सिंह 1982 से 1985 के बीच आरबीआई के गवर्नर भी रहे।

मल्होत्रा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह, एक दूरदर्शी अर्थशास्त्री और आरबीआई के पूर्व गवर्नर के निधन पर मुझे गहरा दुख हुआ है। भारत के आर्थिक सुधारों के निर्माता के रूप में उनके योगदान ने एक अमिट छाप छोड़ी है। आरबीआई इस बड़े शोक में राष्ट्र के साथ शामिल है।"

भारत के आर्थिक सुधारों के निर्माता सिंह का गुरुवार रात 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। जब 1991 में सिंह ने वित्त मंत्रालय की बागडोर




संभाली, तब भारत का राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद के 8.5 प्रतिशत के करीब था, भुगतान संतुलन घाटा बहुत बड़ा था और चालू खाता घाटा सकल घरेलू उत्पाद के 3.5 प्रतिशत के करीब था।

हालात को बदतर बनाने के लिए विदेशी मुद्रा भंडार केवल दो सप्ताह के आयात के भुगतान के लिए ही पर्याप्त था, जो दर्शाता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था गहरे संकट में थी। ऐसे मौके पर सिंह की ओर से प्रस्तुत केन्द्रीय बजट 1991-92 के बाद नए आर्थिक युग की शुरुआत हुई।

यह स्वतंत्र भारत के आर्थिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ था, जिसमें साहसिक आर्थिक सुधार हुए, लाइसेंस राज का उन्मूलन हुआ और कई क्षेत्रों को निजी और विदेशी खिलाड़ियों के लिए खोला गया ताकि पूंजी का प्रवाह हो सके। सिंह लगातार दो कार्यकालों 2004-09 और 2009-14 तक देश के प्रधानमंत्री रहे। उनके परिवार में पत्नी गुरशरण कौर और तीन बेटियां हैं।

**मनमोहन सिंह एक दूरदर्शी और ईमानदार अर्थशास्त्री थे : रघुराम राजन**

भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने शुक्रवार को कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह एक प्रतिभाशाली अर्थशास्त्री थे, जिनके पास भारत की संभावनाओं के बारे में दूरदर्शी दृष्टिकोण के साथ-साथ राजनीतिक व्यवहार्यता की अच्छी समझ भी थी।

## बोइंग और एयरबस को टक्कर दे रही एंब्रेयर

### जल्द ही दुनिया की दूसरी बड़ी एयरक्राफ्ट कंपनी होगी




लंदन (ए.)। अजरबैजान एयरलाइंस का एक विमान कजाखस्तान में हादसे का शिकार हुआ। इसमें 38 यात्रियों की मौत हुई, जबकि 29 लोग घायल हो गए। यह विमान बाकू से रूस के ग्रोज्नी जा रहा था। विमान में कुल 62 यात्री और पांच क्रू मेंबर चालक दल के सदस्य थे। विमान के पक्षियों के झुंड के टकराने के कारण पायलट को एमरजेंसी लैंडिंग का फैसला लेना पड़ा। इस दौरान विमान में आग लग गई और वह दो टुकड़ों में टूट गया। विमान से दो बच्चों सहित 29 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

## सोने का भाव 76,900 रुपए प्रति दस ग्राम, चांदी लगभग 89,900 रुपए



नई दिल्ली (ए.)। सोने-चांदी के वायदा कारोबार में शुक्रवार को तेजी देखने को मिल रही है। दोनों के वायदा भाव शुक्रवार को तेजी के साथ खुले। सोने के वायदा भाव 76,900 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 89,900 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। वैश्विक बाजार में सोना सुस्ती और चांदी तेजी के साथ कारोबार कर रही हैं। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क फरवरी कॉन्ट्रेक्ट 101 रुपये की गिरावट के साथ 76,928 रुपये के भाव पर खुला। इस समय यह 73 रुपये की तेजी के साथ 76,900 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रेक्ट 179 रुपये की तेजी के साथ 89,815 रुपये पर खुला। इस समय यह 269 रुपये की तेजी के साथ 89,905 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक बाजार में चांदी के वायदा भाव में तेजी देखी जा रही है। जबकि सोना हल्की सुस्ती के साथ कारोबार कर रहा है। कॉमेक्स पर सोना 2,653.70 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,653.90 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 0.70 डॉलर की सुस्ती के साथ 2,653.20 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 30.41 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 30.38 डॉलर था। इस समय यह 0.04 डॉलर की तेजी के साथ 30.42 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

## रुपया आठ पैसे की गिरावट के साथ 85.35 पर

मुंबई (ए.)। अमेरिकी मुद्रा के मजबूत रुख और विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी के बीच रुपया शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में आठ पैसे टूटकर अपने सर्वकालिक निचले स्तर 85.35 पहुंच गया। विश्लेषकों के अनुसार महीने तथा साल के अंत में भुगतान दायित्वों के लिए आयातकों द्वारा डॉलर की बढ़ती मांग से डॉलर को मजबूती मिली जिससे स्थानीय मुद्रा पर दबाव पड़ा। हालांकि, वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और घरेलू बाजारों से सकारात्मक संकेतों ने भारतीय मुद्रा की गिरावट को सीमित कर दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया कमजोर रुख के साथ 85.31 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती सौदों के बाद 85.35 प्रति डॉलर के अपने नए सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से आठ पैसे की गिरावट दिखाता है। रुपया गुरुवार को 12 पैसे की गिरावट के साथ 85.27 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.04 प्रतिशत की बढ़त के साथ 107.93 पर रहा।

## आपका आईफोन असली है या फिर नकली, ऐसे कर सकते हैं चैंक




मुंबई (ए.)। आजकल आईफोन का उपयोग करना आज केवल एक तकनीकी विकल्प नहीं बल्कि स्टेटस सिंबल बन चुका है। लोकप्रियता का फायदा उठाकर बाजार में नकली आईफोन बिक रहे हैं। अगर आप आईफोन खरीदने की सोच रहे हैं, तब ये टिप्स आपके लिए फायदेंमंद साबित हो सकते है।


उच्च गुणवत्ता की पैकेजिंग- असली आईफोन का बॉक्स मजबूत और बेहतर क्वालिटी का होता है। वहीं एप्पल के बॉक्स पर टेक्स्ट स्पष्ट और सुव्यवस्थित होता है। चार्जिंग केबल और अन्य एसेसरीज एप्पल के मानकों के अनुरूप होनी चाहिए। अगर बॉक्स हल्का, ढीला, या एसेसरीज घटिया क्वालिटी की हों, तब अब सतर्क रहें।

**बिल्ड क्वालिटी और डिजाइन की जांच करें**

**मजबूत बिल्ड क्वालिटी:-** असली आईफोन का वजन, किनारे, और बटन एप्पल के मानकों के अनुसार होते हैं। नकली डिवाइस में अक्सर लोगो की पोजीशन गलत होती है, बटन ढीले होते हैं, और किनारे खुरदरे हो सकते हैं। असली आईफोन की स्क्रीन उच्च गुणवत्ता वाली होती है, जबकि नकली डिवाइस की स्क्रीन धुंधली या धीमी हो सकती है।

अगर उपरोक्त सभी जांच के बाद भी संदेह बना रहे, तब नजदीकी एप्पल अधिकृत डीलरशिप पर जाकर अपने आईफोन की असली या नकली होने की पुष्टि कराएं।

## हरे निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार; सेंसेक्स 226.59 अंक चढ़ा, निफ्टी 23,800 के पार



नई दिल्ली (ए.)। बैंकिंग और ऑटो शेयरों में खरीदारी के बीच शुक्रवार को बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी बढ़त के साथ बंद हुए। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 226.59 अंक या 0.29 प्रतिशत चढ़कर 78,699.07 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 570.67 अंक या 0.72 प्रतिशत चढ़कर 79,043.15 अंक पर पहुंच गया।

एनएसई निफ्टी 63.20 अंक अथवा 0.27 प्रतिशत बढ़कर 23,813.40 अंक पर पहुंच गया। 30 ब्लू-चिप कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, बजाज फाइनेंस, टाटा मोटर्स, बजाज फिनसर्व, नेस्ले और आईसीआईसीआई बैंक सबसे ज्यादा लाभ में रहे। भारतीय स्टेट बैंक, टाटा स्टील, अडानी पोर्ट्स, जोमैटो, अल्ट्राटेक सीमेंट और एचसीएल टेक पिछड़ने वालों में शामिल थे। शियाई बाजारों में, टोक्यो और शंघाई में तेजी रही, जबकि सियोल और हांगकांग में गिरावट रही। यूरोपीय बाजार सकारात्मक क्षेत्र में कारोबार कर रहे थे। गुरुवार को अमेरिकी बाजार सपाट स्तर पर बंद हुए।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## सरकारी आंकड़े ही संदिग्ध होते गए

पिकेटी का सुझाव है कि भारत को जीडीपी-टैक्स अनुपात में सुधार कर अतिरिक्त संसाधन इकट्ठा करना चाहिए। उसका निवेश मुफ्त स्कूली शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं और इन्फ्रास्ट्रक्चर को सशक्त करने में किया जाना चाहिए। यही विकसित देश बनने का रास्ता है।

बढ़ती आर्थिक गैर-बराबरी पर राजधानी में एक गंभीर चर्चा हुई। इसमें दो नजरिए उभर कर सामने आए। एक नजरिये की नुमानंदगी भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने की।

उन्होंने कहा कि न्यायपूर्ण आर्थिक विकास को मापने का पैमाना आमदनी की गैर-बराबरी कम करना नहीं, बल्कि गरीबी घटाना है।

उन्होंने दावा किया कि पूंजी पर टैक्स लगाने से निवेश नहीं बढ़ेगा, बल्कि पूंजी का पलायन शुरू हो जाएगा। उनका यह दावा भी दिलचस्प है कि समानता थोपने से सूक्ष्म एवं लघु व्यापार को अधिक क्षति पहुंचती है।ऐसी कोशिश को नागेश्वरन ने सीमा लगाने का अत्याचार बताया और कहा कि ऐसा करने पर छोटे कारोबारी छोटे ही रह जाएंगे। गैर-बराबरी, आर्थिक वृद्धि एवं समावेशन' विषय पर हुई इस चर्चा में दूसरा पक्ष विश्व प्रसिद्ध अर्थशास्त्री थॉमस पिकेटी रख चुके थे।पिकेटी ने अपनी चिर-परिचित राय रखी कि भारत को जरूरत जीडीपी-टैक्स अनुपात को सुधारने की है। उनका सुझाव है कि भारत को सबसे धनी एक फीसदी लोगों पर दो फीसदी धन कर लगाना चाहिए जाए और आय कर व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाना चाहिए। इससे इकट्ठा अतिरिक्त संसाधनों का निवेश मुफ्त स्कूली शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं और इन्फ्रास्ट्रक्चर को सशक्त करने में किया जाना चाहिए।यही विकसित देश बनने का रास्ता है। मगर नागेश्वरन की बात से साफ है कि भारत सरकार इस नजरिए से बिल्कुल सहमत नहीं है। बहरहाल, चूंकि उन्होंने न्यायपूर्ण विकास को मापने का पैमाना गरीबों की संख्या में गिरावट को बताया, तो यह मुद्दा उठेगा कि आखिर गरीबी को मापने की कसौटी क्या हो? भारत सरकार ने सामान्यत मान्य कसौटियों को ताक पर रखते हुए जो पैमाना अपनाया है, उसे इस क्षेत्र के विशेषज्ञ स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं।सबसे पहले तो सरकारी आंकड़े ही संदिग्ध होते गए हैँ। उसे ठीक करने की जरूरत है। फिर बेहतर होगा, सरकार प्रति दिन प्रति व्यक्ति कैलोरी की उपलब्धता के पुराने पैमाने को आधार बनाए। उस पर देखा जाए, तो असल में गरीबों की संख्या बढ़ी है। फिर भी क्या नागेश्वरन कहने की स्थिति में हैं कि जिस सरकार के वे सलाहकार हैं, उसकी नीतियों से गरीबी में ह्रास हुआ है?



इम्फाल में सेना के वाहन से उतरते हुए थमनापोकपी में भारी गोलीबारी के बीच सुरक्षा बलों द्वारा बचाए गए परिवार। गोलीबारी और विस्फोटों के कारण स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है।

# दमतोड़ती अर्थव्यवस्था के खेवनहार बने थे डॉ मनमोहन सिंह

**डॉ श्रीगोपाल नारसन**

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का पार्थिव शरीर एम्स से उनके आवास पर पहुंच गया है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। भारत सरकार ने 27 दिसंबर, 2024 के लिए निर्धारित सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं और 7 दिनों का राष्ट्रीय शोक घोषित किया है। डॉ. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। 26 दिसंबर 2024 को घर पर ही उन्हें अचानक बेहोशी आ गई। घर पर तुरन्त उन्हें बचाने के उपाय शुरू किए गए। उन्हें रात 8:06 बजे नई दिल्ली के एम्स के मेडिकल इमरजेंसी में लाया गया। तमाम कोशिशों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका और रात 9:51 बजे उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। पूर्व प्रधानमंत्री के निधन पर राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से लेकर देश के कई बड़े नेताओं और हस्तियों ने दुख व्यक्त किया है।मनमोहन सिंह का जन्म 1932 में पंजाब में हुआ था। वह 2004 से 2014 तक लगातार दो बार भारत के प्रधानमंत्री रहे। उन्होंने 2004 में अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाले एनडीए के खिलाफ 2004 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत के बाद पहली बार पीएम पद की शपथ ली थी। उन्होंने 2009 से 2014 तक अपना दूसरा कार्यकाल पूरा किया। उसके बाद 2014 में पीएम नरेंद्र मोदी ने उनकी जगह ली। 33 साल तक सेवा देने के बाद वे इस साल की शुरुआत में राज्यसभा से सेवानिवृत्त हो गए थे।मनमोहन सिंह के कार्यकाल में वैश्विक मंदी के बावजूद भारत तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह की सूझबूझ के चलते आर्थिक रूप में मजबूत बना रहा।मनमोहन सिंह को सन 1991 में भारत की अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए जाना जाता है। मनमोहन सिंह का नाम शीर्ष अर्थशास्त्रियों की फेहरिस्त में सम्मान से लिया जाता रहा है। अगर डॉ मनमोहन सिंह नहीं होते तो वर्ष1991-92 में भारत आर्थिक रूप से अपंग हो गया होता।डॉ मनमोहन सिंह ने तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव के साथ मिलकर भारत की आर्थिक दिशा ही बदल दी थी। डॉ. मनमोहन सिंह ने ऐसी नीतियां पेश कीं, जो न केवल उस समय के आर्थिक संकट से उबरने में मददगार रहीं, बल्कि भारत को उच्च विकास पथ पर भी ले गईं।

हालांकि उसके बाद देश की बदहाल अर्थव्यवस्था ने प्रत्येक देशवासी के मन में अनिश्चितता का माहौल व डर पैदा कर दिया है। हर कोई अपने भविष्य को लेकर चिंतित है।सन 2020-21 में भारतीय अर्थव्यवस्था में भारी गिरावट देखने को मिली। यह चार दशक में पहली बार हुआ जब कोरोनावायरस महामारी की रोकथाम के लिये जारी 'लॉकडाउन की वजह से खपत कम होने और कारोबारी गतिविधियां थमने से चुनौतियों का सामना कर रही घरेलू अर्थव्यवस्था में गिरावट आई थी। हालांकि कोरोनावायरस संकट से पहले भी भारत की अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर



श्रद्धांजलि

धीमी पड़ गयी थी और यह छह वर्ष की सबसे निचली दर पर पहुंच गयी थी।सरकार द्वारा आर्थिक प्रोत्साहन पैकेज में उठाए गए कदम उम्मीदों के अनुरूप नहीं होने, अर्थव्यवस्था की समस्याएं इससे बहुत ज्यादा व्यापक होने के कारण वित्त वर्ष 2020-21 में भारतीय अर्थव्यवस्था की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर में वास्तविक गिरावट आई थी।भारत में कोविड-19 के प्रकोप और लॉकडाउन ने अर्थव्यवस्था में रुकावट पैदा कर दी थी। इससे वित्त वर्ष में वृद्धि तेजी से संकुचित हुई औरआर्थिक गतिविधियां अगले एक साल तक प्रभावित रही। सबसे अधिक रोजगार देने वाला औद्योगिक सेवा क्षेत्र गंभीर रूप से प्रभावित रहा है। उद्योग जगत के दिग्गज और आर्थिक मामलों के विशेषज्ञों द्वारा बार-बार चेताने के बावजूद भी सरकार गहरी नींद में सो रही है। पहले नोटबंदी,फिर जीएसटी और फिर कोरोना संकट ने व्यापार जगत में भारी तबाही मचाई । इससे छोटे और घरेलू उद्योग तो बंद हो ही गए , वही देश का ऑटो मोबाइल सेक्टर भी दम तोड़ने लगा था। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 26 जुलाई, 2019 को 72.7 करोड़ डालर से घटकर 429.65 अरब डॉलर पर आ गया था।जो लॉक डाउन के बाद तो सबसे निचले पायदान पर पहुंच गया था। रुपये के लगातार कमजोर होने के कारण भारत की अर्थव्यवस्था फिसलकर कॉफी नीचे आ गई थी।ऐसी हालत कभी आजादी के बाद मिले भारत की थी। फिर भी प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु के प्रयास से वर्ष 1964 में भी भारत अर्थ व्यवस्था में सातवें स्थान पर आ गया था। वही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को 2024-25 तक 5 हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का बड़ा वादा किया था, लेकिन वर्तमान बदहाल आर्थिक संकेत इस बात के सूचक हैं कि उनका यह दावा शायद ही सच पाए। अपने पहले कार्यकाल में मोदी सरकार ने 2 करोड़ नौकरियां देने, किसानों की आय दोगुनी करने, मंहगाई कम करने और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के वादे किए थे। 2014 से 2019 तक स्वच्छ भारत, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, स्टार्टअप और स्टैंडअप इंडिया जैसे प्रोग्राम दिए थे जो अपने लक्ष्यों को प्राप्त नही कर सके और नाकाम रहे।भारत सहित दुनिया के कई देशों में भी आर्थिक गतिविधियों में मंदी के स्पष्ट संकेत दिख रहे हैं। अर्थव्यवस्था के मंदी की तरफ बढ़ने पर आर्थिक गतिविधियों में चौतरफा गिरावट आई है। ऐसे कई दूसरे पैमाने भी हैं, जो अर्थव्यवस्था के मंदी की तरफ बढ़ने का संकेत दे रहे हैं।

इससे पहले आर्थिक मंदी ने साल 2007-2009 में पूरी दुनिया में तांडव मचाया था। यह साल सन 1930 की मंदी के बाद सबसे बड़ा आर्थिक संकट था। लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह ने प्रसिद्ध अर्थशास्त्री होने के नाते देश को आर्थिक संकट से बचा लिया था।लेकिन आर्थिक विकास दर का लगातार गिरना अच्छा नही कहा जा सकता।यदि किसी अर्थव्यवस्था की विकास दर या जीडीपी तिमाही-दर-तिमाही लगातार घट रही है, तो इसे आर्थिक मंदी का बड़ा संकेत माना जाता है। किसी देश की अर्थव्यवस्था या किसी खास क्षेत्र के उत्पादन में बढ़ोतरी की दर को विकास दर कहा जाता है।

यदि देश की विकास दर पर चर्चा की जा रही हो, तो इसका मतलब देश की अर्थव्यवस्था या सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) संकट में है।जीडीपी एक निर्धारित अवधि में किसी देश में बने सभी उत्पादों और सेवाओं के मूल्य का जोड़ है।आज तो हालत यह है कि आम लोगों के पास पेट भरने तक के लाले पड़ गए है।ऐसे में कपड़ा,मकान और वाहन के बारे में सोचना भी संभव नही रह गया है। अर्थव्यवस्था में यदि उद्योग का पहिया रुकेगा तो नए उत्पाद नहीं बनेंगे। इसमें निजी सेक्टर की बड़ी भूमिका होती है। मंदी के दौर में उद्योगों का उत्पादन कम हो जाता। मिलों और फैक्ट्रियों पर ताले लग जाते हैं, क्योंकि बाजार में बिक्री घट जाती है।यदि बाजार में औद्योगिक उत्पादन कम होता है तो कई सेवाएं भी प्रभावित होती है। इसमें माल ढुलाई, बीमा, गोदाम, वितरण जैसी तमाम सेवाएं शामिल हैं।कई कारोबार जैसे टेलिकॉम, टूरिज्म सिर्फ सेवा आधारित हैं, मगर व्यापक रूप से बिक्री घटने पर उनका बिजनेस भी प्रभावित होता है।अर्थव्यवस्था में मंदी आने पर रोजगार के अवसर घट जाते हैं। उत्पादन न होने की वजह से उद्योग बंद हो जाते हैं, ढुलाई नहीं होती है, बिक्री ठप पड़ जाती है। इसके चलते कंपनियां कर्मचारियों की छंटनी करने लगती हैं। इससे अर्थव्यवस्था में बेरोजगारी बढ़ जाती है। बचत और निवेश में कमी कमाई की रकम से खर्च निकाल दें तो लोगों के पास जो पैसा बचेगा वह बचत के लिए इस्तेमाल होगा। लोग उसका निवेश भी करते हैं,बैंक में रखा पैसा भी इसी दायरे में आता है।लेकिन पिछले दो ढाई माह में सब कुछ ठप्प सा हो जाने के कारण लोगो की जमापूंजी भी स्वाह हो गई है।इस तरह की मंदी के दौर में निवेश कम हो जाता है क्योंकि लोग कम कमाते हैं।

# परिवार के निर्णयों में महिलाओं की बढ़ती भूमिका

## मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की प्रभाविता बढ़ी

महिला सशक्तिकरण, महिलाओं का आर्थिक स्वावलम्बन उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार को बनाये रखने के लिए चलाई जा रही इस योजना से लाखों महिलाओं की जिन्दगी में बदलाव आा है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की प्रभावी निरंतर बढ़ रहा है। आंगनवाडी कार्यकर्ता, समुदाय की ही सदस्य होने के नाते उनके संपर्क में होती है। उसके द्वारा योजना के शुरुआती समय में पात्र हितग्राहियों को योजना की जानकारी देकर लाभ लेने के लिये प्रेरित किया जाता है। भोपाल की गीता के पति का अप्रैल 2024 में कैंसर से देहांत हो गया, इनके 2 बेटे है। दुर्भाग्य यह है की बडा बेटा नशे की आदत मे है एवं छोटा बेटा दीपक हड्डियों के कैंसर से पीडित है एवं उसके दोनो पैर कट चुके है तथा एक वर्ष पूर्व पैरालाइज़ अटैक आने से वह हाथ से भी विकलांग हो गया है। गीता स्वयं थायराइड की मरीज है। विपरीत परिस्थितियों के वाबजूद श्रीमती दाडगे ने जीवन से हार नही मानी एवं अपने छोटे बेटे एवं स्वयं का इलाज करवाती हैं। इन परिस्थियों में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना इन के जीवन में आशा की किरण जैसी है। 8 करोड़ से अधिक आबादी वाले प्रदेश की 1.29 करोड़ महिलाओं के खातों में लाड़ली बहना योजना में सीधे हर महीने राशि पहुँच रही है। निश्चित अवधि के बाद हर महीने बैंक खाते में आने वाली राशि न सिर्फ मानसिक सुरक्षा बल्कि निश्चितता भी देती है। इससे महिला का मनोबल ऊँचा हो रहा है। योजना ने प्रदेश की महिलाओं के समग्र सशक्तिकरण में महती भूमिका निभाई है और महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर किया है। महिलायें बैंकिंग, डिजिटल लेन देन, बचत करना सीख गयी हैं, यह आर्थिक सुरक्षा का सशक्त उदहारण है। यह योजना प्रदेश की सबसे बडी डीबीटी योजना में शामिल हो गयी है। प्रत्येक हितग्राही का बैंक खाता आधार लिंक एवं डीबीटी इनेबिल्ड है। लाड़ली बहना योजना के तहत प्रतिमाह हितग्राहियों को सहायता राशि का हस्तांतरण ऑनलाईन होता है। इसमें कोई Manual Intervention नहीं है। एमपीएसईडीसी के LBY पोर्टल पर पेमेंट आर्डर DPO द्वारा Generate किया जाता है पेमेंट आर्डर Generate होने के पश्चात् एमपीएसईडीसी के UNIPAY पेमेंट पोर्टल के माध्यम से बैंकिंग पार्टनर्स को हितग्राही के आधार के Reference No. के साथ भेजा जाता है, तत्पश्चात नोडल बैंक यह पेमेंट आर्डर NPCI को भेजता है NPCI इसे हितग्राही के सम्बंधित बैंक को भेजता है। सम्बंधित बैंक आधार नंबर से लिंक हितग्राही के खाते में क्रेडिट करता है तत्पश्चात Transaction के सफल या असफल होने की जानकारी बैंक अकाउंट नंबर के साथ वापस NPCI को भेजता है। NPCI यह जानकारी नोडल बैंक को भेजता है जो यह जानकारी एमपीएसईडीसी के पोर्टल पर भेजता है। लाड़ली बहना योजना की लाभार्थी महिलाओं द्वारा राशि का उपयोग अनेको तरह से किया जा रहा है। बच्चों की छोटी-छोटी आवश्यकताओं जैसे कॉपी, किताब, पेन आदि की पूर्ति, व्यक्तिगत छोटी-छोटी आवश्यकताओं की पूर्ति करना, अपनी स्वयं की पढ़ाई जारी रखने, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी, फॉर्म भरने, अपनी पसंद से कुछ सीखने आदि का कार्य किया जा रहा है। कोई इसका उपयोग फल सब्जी तथा अन्य खाद्य सामग्री के खरीदनें में कर रही है, तो कहीं सब्जी फल तथा अन्य खुदरा सामग्री बेचने जैसा व्यापार भी कर रही हैं। सामान्यत: भारतीय परिवारों में धन कमाने वाला व्यक्ति परिवार का निर्णयकर्ता होता है। लाड़ली बहना योजना की राशि और इसके उपयोग से परिवार में सहयोग करने से, या छोटा व्यवसाय करनेसे महिला की भूमिका में बदलाव हो रहा है। इस तरह परिवार के निर्णयों में भूमिका बढ़ी है और सामाजिक रूप से महिलाओं के सम्मान में वृद्धि हुई है।

**यश/बिन्दु सुनील**




मेष राशि : आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। आज व्यापार में रुकी हुई योजनाओं को शुरू करने से आपकी व्यस्तता बढ़ी रहेगी। जॉब कर रहे लोगों को आज दिए गए काम को समय पर पूरा करना होगा, नहीं तो सीनियर से डांट भी खानी पड़ सकती है। लवमेट के साथ लॉन्ग ड्राइव पर जाएंगे आज एक-दूसरे को और अधिक जानने का मौका मिलेगा। आज आपका कला और साहित्य के क्षेत्र में ज्यादा मन लगेगा।

वृष राशि : आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है । आज आपके व्यापार में लाभ बना रहेगा। नवविवाहित दंपत्ति के बीच आज मीठी नोक-झोक होगी, इससे रिश्तों में और मिठास आयेगा। आज पैसों के लेन-देन में सावधानी बरते। नौकरी कर रहे लोगों को आज अपना काम पूरा करने के लिए थोडा अधिक मेहनत करने की जरुरत है।

मिथुन राशि : आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा । विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढाई में और मेहनत करने की जरुरत है। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा । आपके आय के नए स्त्रोत बनेंगे, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा ।

कर्क राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको घर के बड़ो से कुछ प्रेरणा मिलोगी। आज आप जो भी काम करेंगे, वो सफल होगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा । रिश्तेदार आज आपको बिजनेस को बढ़ाने के लिए सुझाव देगा। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढेगी । बडे-बुजुर्ग आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे, लोग आपकी वाह-वाही करेंगें। हर काम मन लगाकर करने से आपको फायदा होगा।

सिंह राशि : आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है । आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे। आप किसी बड़े बिजनेस ग्रुप से साझेदारी करने पर विचार करेंगे। आज आपको उम्मीद से ज्यादा धन लाभ होने वाला है। कला से जुड़े लोगों का समाज में मान सम्मान बढेगा, आपकी क्रिएटिविटी की लोग सराहना करेंगे।

कन्या राशि : आज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। आज बेवजह की उलझन से दूर होकर आप किसी मंदिर पर अपना कुछ समय बिताएंगे। आज यात्रा पर भी जाने के योग बन रहे हैं, यात्रा आपके लिए सुखद रहेगी। आप परिवार के किसी काम में व्यस्त हो सकते हैं। छोटे उद्यमियों के लिये दिन ठीक रहेगा। आप किसी अनुभवी व्यक्ति के साथ मिलकर अपने काम को बढ़ाने के बारे में सोचेंगे।

तुला राशि : आज आपका दिन उल्लास से भरा रहने वाला है। बिजनेस के किसी काम से आपको यात्रा करनी पड़ सकती है। आपका काम अच्छे से पूरा होगा। रोजमर्रा की जिंदगी में... आज कुछ नयापन आ सकता है। इस राशि के बच्चों को उनके शिक्षकों से तारीफ मिलेगी । बड़े-बुजुर्ग अपने किसी बचपन के दोस्त से मिल सकते हैं.. यादों को लेकर आपस में चर्चा करेंगे । जरूरतमंद को भोजन कराने से आपको सुकून मिलेगा ।

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। आपको आर्थिक रूप से अपने सगे संबंधियों की मदद मिलेगी। साथ ही लेन-देन के मामलों में.. आपको सावधानी बरतने की जरुरत है। करियर में भी आपको गुरुजन का मार्गदर्शन मिलने से आसानी होगी.. आप जीवन में आगे बढ़ेंगे। आज आपका कॉन्फिडेंस ही आपके काम को पूरा करने में मदद करेगा। अपनी सेहत को बेहतर बनाये रखने के लिए योग की रूटीन अपनाएंगे। साथ ही नकारात्मक चीज़ों से आपको बचे रहना चाहिए ।

धनु राशि: आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। अगर आपको लगता है कि आप दुनिया की दौड़ भाग भरी जिंदगी में कहीं खो गए हैं, तो अपने लिए वक्त निकालेगे और अपने व्यक्तित्व का आकलन करेंगे। सही योजना के तहत आप अपने करियर में बदलाव लाने में सफल होंगे। आपका खुशनुमा व्यवहार सबको प्रभावित करेगा। जीवनसाथी के साथ डिनर करने का प्रोग्राम बनायेंगे, जिससे रिश्तों में मिठास आयेगी।

मकर राशि : आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आज परिवार में हर्षोल्लास का माहौल बना रहेगा। आज आपके दाम्पत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बना रहने से खुशियाँ बढ़ेगी। आज सेहत के लिहाज से आप चुस्त-दुरूस्त रहेंगे। विद्यार्थियों को लक्ष्य पाने के लिए शिक्षकों का पूरा मार्गदर्शन मिलेगा।

कुंभ राशि: आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। ऑफिस मे सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जूनियर आपसे काम सिखाना चाहेंगे। लवमेट के साथ रिश्तों में सुधार आयेगा । आज आपको कामों में राजनीतिक रिश्ते का फायदा मिलेगा। आपका ख़ास काम करीबी दोस्त की सहायता से पूरा हो जायेगा। आप किसी काम को लेकर उत्साहित होंगे, काम आसानी से व समय से पूरा हो जायेगा।

मीन राशि: आज का आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज काम व पारिवारिक रिश्तों के बीच समंजास्य बनाये रखेंगे। आज किसी काम को पूरा करने के लिए नये तरीकों पर विचार करेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। नए वाहन का सुख मिलने के योग हैं।

# आजाद भारत के इतिहास में बतौर कलंक निश्चित ही दर्ज रहेगी

**हरिशंकर व्यास**

यथा राजा तथा प्रजा, हम हिंदुओं का शाश्वत सूत्र वाक्य है। तभी जैसा मोदी राज वैसे ही संसद, संविधान, कोर्ट-कचहरी, विपक्ष, मीडिया आदि उन तमाम संस्थाओं का आज व्यवहार है, जिससे देश, कौम, नस्ल, धर्म, सभ्यता की वह शर्म है जो आजाद भारत के इतिहास में बतौर कलंक निश्चित ही दर्ज रहेगी।

ईमानदारी से सोचें, सन् 2014 में निर्वाचित संसद के काम से लेकर इस सप्ताह की संसदीय घटनाक्रम में ऐसा तनिक भी कुछ है जैसा कांग्रेस, विपक्ष या वाजपेयी राज में था?

तब की संसद कैसी थी, कैसे चलती थी और वही अब मोदी राज की संसद का क्या अनुभव है?

जाहिर है जैसा प्रधानमंत्री, वैसा राज और वैसे ही बाकी सब। जैसा मोदी राज है वैसा विपक्ष है। और दोनों में इतनी भी समझ नहीं कि संसद और उसका परिसर पूरे भारत, पूरे देश के प्रतिनिधित्व का विशेषाधिकारपूर्ण गरिमामय स्थान है।

जैसे लाल किले के बादशाह का दरबार ए खास या दरबार ए आम हुआ करता था।

उस स्थान पर यदि पानीपत के मैदान वाली लड़ाई की शत्रुता में लाठियां (तख्तियां, भीड़) लेकर सांसद लड़े और उसके फैसले में चांदनी चौक का कोतवाल जाचंकर्ता हो तो वह कौम के लिए शर्म, कलंक, डूब मरने वाली क्या स्थिति नहीं है?

ऊपर से हुजूर (आज के नरेंद्र मोदी), उनके वजीर खुद ही संसद की तौहीन व अपमान के लिए कोतवाल को बुलाकर उसके कान में फुसफुसा कर कहें यह मेरा विरोधी है, इस पर चार्जशीट बनाओ और कचहरी से जेल में बंद करवा दो।

सोचें, संसद और उसके सांसद कानून बनाने वालों के लिए उसी की व्यवस्था में, कानूननिर्माताओं की जगह में सांसदों के व्यवहार का जांतकर्ता, निर्णयकर्ता एक कोतवाल! लंदन की संसद, वेस्टमिनिस्टर या दुनिया के किसी भी सभ्य लोकतंत्र में यह नजारा कभी देखने को नहीं मिला (और न मिलेगा) कि सांसदों की भीड़ में धक्कामुक्की हुई, तो प्रधानमंत्री के सांसद तुरंत बगल की कोतवाली जा कर एफआईआर कराएं!

दुनिया वीडियो पर यह नौटंकी देखे कि सिर पर एक चिपी, फिर पट्टी, फिर पूरा सिर मानो ऑपरेट हुआ हो जैसा बड़ा पट्टा दिखला नेता प्रतिपक्ष के खिलाफ कोतवाल द्वारा ताउम्र कैद की तमाम धाराओं में जांच!

सोचें, लाल किले के किस मुगल बादशाह या नेहरू से ले कर डॉ. मनमोहन सिंह के राज में ऐसा हुआ?

खुद सत्तापक्ष अपनी ही विधायिका के सांसदों के झगड़े, धक्कामुक्की की कोतवाल के यहां रिपोर्ट दर्ज कराते हुए! यदि निर्वाचित सरकार, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की एक संसद की प्रक्रिया को भी शांतिपूर्ण ढंग से नहीं चलवा पाए, विपक्ष के शोर-गतिरोध और प्रर्दशन का समाधान बातचीत से नहीं निकाल पाए तो यह किस बात का प्रमाण है?

मोदी सरकार द्वारा चरित्र, बुद्धि और अपना कलंकित इतिहास बनाने का! तब संसद, संसदीय प्रक्रिया, नियमावली, स्पीकर, सभापति, उप सभापति, संसद नेता और प्रतिपक्ष नेता, संसदीय परिसर के कारिंदों आदि सबका क्या अर्थ है?

उफ! बुद्धि, दिमाग, बेशर्मी और अहंकार। मुझे बहुत झटका लगा जब सुना कि धक्कामुक्की हुई और नेता प्रतिपक्ष को टारगेट बना कर सरकार के सांसदों ने कोतवाल के यहां जा कर शिकायत दर्ज कराई!

क्या पतन है नेहरू राज से मोदी राज का! कल्पना करें ऐसा ही वाकया यदि वाजपेयी-आडवाणी के राज में हुआ होता?

पहली बात वे अपनी संसद में ऐसी नौबत नहीं आने देते कि पचास-पचपन साल के विधायिकी अनुभवी वाले सांसदों के मुंह से यह शिकायत सुनाई दे कि उन्हें बोलने नहीं दिया जाता! उनके माइक बंद हो जाते हैं!

उनके मुद्दे, नोटिस, बहस की मांग नहीं मानी जाती आदि, आदि। दूसरी बात, वाजेपयी और आडवाणी दोनों नेता विपक्ष को बुलाकर मंत्रणा, मान मनौव्वल, मनाने या उनकी मांग मानने के लिए हमेशा तत्पर हुआ करते थे।

मुझे ध्यान है कि वाजपेयी राज में संसद भवन में सावरकर की तस्वीर लगी तो पूरे विपक्ष का जबरदस्त गुस्सा था, मगर बात का बतगंड़ नहीं हुआ जो अंबेडकर के मौजूदा बवाल में हुआ है।

वाजपेयी याकि भाजपा राज की संसद ने सावरकर की तस्वीर लगाई तो लगाई।

यह नहीं हुआ कि विपक्ष की आपत्ति पर भाजपा के सांसदों ने सावरकर के प्रति कांग्रेस सरकारों की उपेक्षा की तख्तियां ले कर तब की नेता विपक्ष सोनिया गांधी का रास्ता रोकने का हंगामा किया।

और यह तो कल्पना ही नहीं संभव जो सत्ता पक्ष के सांसद को चोट लगे तो आडवाणी अपने सांसदों से कोतवाली जा कर शिकायत कराएं कि सोनिया गांधी ने धक्का दिया और हमारा बुजुर्ग सांसद घायल हुआ। एफआईआर दर्ज करो तथा सोनिया गांधी को तलब करो!

सो, यथा राजा तथा भाजपा। यथा राजा तथा सरकार। यथा राजा तथा संसद। यथा राजा तथा मीडिया। यथा राजा तथा सुप्रीम कोर्ट। यथा राजा तथा विदेश नीति।

यथा राजा तथा विकास। यथा राजा तथा समाज! यथा राजा तथा धर्म। हां, हम हिंदुओं के धर्म का भी नया बना इतिहास देखिए कि प्रधानमंत्री भगवान राम की ऊंगली पकड़ उन्हें उनके मंदिर में बैठा रहे हैं वही सहस्त्राब्दियों पुरानी सनातन परंपरा के कुंभ मौके का एक मुख्यमंत्री ऐसा हल्ला बना रहे हैं, मानों नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ नहीं होते तो ऐसा कुंभ नहीं होता!तभी 140 करोड़ लोगों की प्रतिनिधि संसद के सदाचार, कदाचार में क्या सच, क्या झूठ का दारोमदार अब कोतवाल के सुपुर्द है। तब यह कल्पना असंभव नहीं है जो कोतवाल रिपोर्ट करे कि संसद गुंडों की है।

संसद में गुंडई होती है और तब प्रधानमंत्री, गृह मंत्री सुरक्षा के नाम पर स्पीकर और सभापति, उप सभापति के पदों को उन सख्त आईपीएस कोतवालों के लिए आरक्षित करें, जिन्हें आसन पर देख कर सारे सांसद फौज के अनुशासित सैनिकों की तरह संसद में व्यवहार करें।

अच्छा ही है, हिंदूशाही के नाम पर मोदी राज को यह भी कर लेना चाहिए!

K✌K

राष्ट्रीय समाचार



शनिवार, 28 दिसम्बर 2024,सीहोर

दैनिक क्षितिज किरण 5

# प्रबुद्ध राजनेता होने के साथ ही अपने सौम्य व्यवहार के लिए स्मृतियों में रहेंगे मनमोहन : बिरला



नई दिल्ली (ए)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर बृहस्पतिवार को दुख जताया और कहा कि वह प्रख्यात अर्थशास्त्री और प्रबुद्ध राजनेता होने के साथ ही अपने सौम्य और सरल व्यवहार के लिए सदैव स्मृतियों में रहेंगे। मनमोहन सिंह का बृहस्पतिवार को निधन हो गया। वह 92 साल के थे। बिरला ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह जी का निधन अत्यंत दु:खद है। प्रख्यात अर्थशास्त्री और प्रबुद्ध राजनेता होने के साथ ही अपने सौम्य और सरल व्यवहार के लिए वह सदैव स्मृतियों में रहेंगे। एक कुशल प्रशासक, वित्त मंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने दशकों तक राष्ट्र की सेवा की। उन्होंने कहा, पीड़ा की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं डॉ. सिंह के परिवार के साथ हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान प्रदान करें, तथा शोकसंतप्त परिजनों और देशवासियों को संबल दें।

## नया साल मनाने अयोध्या, वाराणसी और मथुरा-वृंदावन श्रद्धालु, होटल में बुकिंग फुल

### धार्मिक पर्यटन का नया ट्रेंड, हजारों लोगों को मिलेगा रोजगार



अयोध्या (ए)। नए साल का जश्न अब सिर्फ गोवा या पहाड़ी राज्यों तक सीमित नहीं रहा है। इस बार अयोध्या और वाराणसी जैसे धार्मिक स्थलों पर नया ट्रेंड देखने को मिल रहा है। लाखों श्रद्धालु भगवान रामलला के दर्शन कर अपने साल की शुरुआत करना चाहते हैं। इसके लिए अयोध्या के फोर-स्टार होटल द रामायण के सभी 55 लग्जरी कमरे पहले ही बुक हो चुके हैं। इस होटल का किराया 16 हजार रुपये प्रतिदिन है। यहां 30 दिसंबर से 2 जनवरी तक कोई कमरा उपलब्ध नहीं है। वहीं, अन्य होटल और धर्मशालाओं की भी करीब 88 प्रतिशत बुकिंग हो चुकी है। वहीं एक अन्य होटल के मालिक ने बताया कि उनके 175 कमरे पूरी तरह बुक हैं। अतिरिक्त भीड़ के लिए डोरमेट्री की व्यवस्था की जा रही है, ताकि श्रद्धालुओं को ठंड में कोई असुविधा न हो। अयोध्या के साथ ही धर्मनगरी वाराणसी के होटल भी पूरी तरह बुक हैं। होटल मैनेजमेंट ने बताया कि पहली बार नए साल पर इतनी भारी संख्या में बुकिंग्स हो रही हैं। टूर गाइड वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद मिश्र ने इस पर्यटन उद्योग के लिए बड़ा मौका बताया। अयोध्या के पुलिस क्षेत्राधिकारी, आशुतोष तिवारी ने बताया कि अभी रोजाना 60 से 70 हजार श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं।



भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के आवास पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की.

## मनमोहन सिंह की विनम्रता और ईमानदारी आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी : महबूबा मुफ्ती



श्रीनगर (ए) । पीडीपी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि देश के लिए उनका योगदान और समावेशिता के उनके मूल्य तथा उनकी विनम्रता और ईमानदारी आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करते रहेगी। मुफ्ती और उनकी पार्टी के सदस्यों ने यहां पीडीपी मुख्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री को पुष्पांजलि अर्पित की और उनकी स्मृति में एक शोक सभा भी आयोजित की गई। मुफ्ती ने सिंह को आधुनिक भारत के आर्थिक परिवर्तन का निर्माता बताया और 1990 के दशक की शुरुआत में भारत को नया आकार देने वाले उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण सुधारों के दौरान उनके दूरदर्शी नेतृत्व को याद किया। उन्होंने कहा, ''सिंह ने भारत को एक नए युग में प्रवेश कराया और विकास तथा समृद्धि के लिए मंच तैयार किया। नरेगा और खाद्य सुरक्षा अधिनियम जैसी योजनाओं के माध्यम से सबसे गरीब लोगों के दरवाजे तक भोजन पहुंचाने से लेकर ऐतिहासिक परमाणु समझौते और आधार की शुरुआत तक, उनके योगदान ने हर भारतीय के जीवन में सुधार किया है।'' मुफ्ती ने कहा कि 2002 में जब पीडीपी-कांग्रेस जम्मू कश्मीर में सरकार बनाने के लिए बातचीत कर रहे थे, तब सोनिया गांधी ने उन्हें कश्मीर भेजा था और तब वह पहली बार उनसे मिली थीं। उन्होंने कहा, ''मैंने अपने जीवन में कभी इतना विनम्र और रहम दिल व्यक्ति नहीं देखा था। उस समय गठबंधन बनाने और गठबंधन के एजेंडे में सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका थी।'' पीडीपी अध्यक्ष ने जटिल चुनौतियों के बीच देश को आगे बढ़ाने में सिंह के कौशल की प्रशंसा की और सिख विरोधी दंगों के लिए प्रधानमंत्री के रूप में उनकी अभूतपूर्व सार्वजनिक माफी को याद करते हुए कहा कि यह उनकी विनम्रता को दर्शाता है।

## अब संभल की शाही जामा मस्जिद पर 24 घंटे रहेगी यूपी पुलिस, उठाया ये बड़ा कदम

संभल (ए)। उत्तर प्रदेश के संभल में जामा मस्जिद के पास खाली पड़े मैदान में पुलिस चौकी बनाएगी। प्रस्तावित पुलिस चौकी का निर्माण शुरू होते ही आरएएफ के जवान तैनात होंगे। अपर पुलिस अधीक्षक श्रीश चंद्र ने यह जानकारी दी। हालांकि चौकी का नाम क्या होगा इसे लेकर उन्होंने अभी कुछ भी बताने से इनकार कर दिया। संभल में सुरक्षा की दृष्टि से नयी पुलिस चौकी का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जहां 24 घंटे पुलिस तैनात रहेगी। उल्लेखनीय है कि 24 नवंबर को शाही मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हुई हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई थी और कई लोग घायल हो गए थे। उम्मीद है कि कोर्ट कमिश्नर रमेश सिंह राघव संभल की जामा मस्जिद के मूल रूप से हरिहर मंदिर होने के दावे से संबंधित सर्वेक्षण रिपोर्ट पेश करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, रिपोर्ट संभवत: जनवरी 2025 के पहले सप्ताह में सीलबंद लिफाफे में दाखिल की जाएगी। जिला प्रशासन ने संभल कोतवाली पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत कोट पूर्वी में प्राचीन मृत्यु कूप की खुदाई और जीर्णोद्धार का काम बृहस्पतिवार को शुरू कर दिया। संभल में पुराणों में वर्णित, अति प्राचीन और धार्मिक महत्व के माने जाने वाले कुओं की पहचान कर उनकी खुदाई और जीर्णोद्धार की पहल के तहत यह कार्य किया जा रहा है।

# साल की अंतिम सोमवती अमावस्या 30 को, बन रहा दुर्लभ संयोग



नई दिल्ली (आरएनएस)। सोमवती अमावस्या सबसे शक्तिशाली दिनों में से एक है, क्योंकि यह दिन पूर्वजों को समर्पित है। सोमवार को पड़ने की वजह से इसे सोमवती अमावस्या कहा जाता है। यह तिथि आत्म शुद्धि के लिए एक महत्वपूर्ण दिन माना जाता है। कहते हैं कि जो साधक अपने जीवन की तमाम समस्याओं से छुटकारा पाना चाहते हैं, उन्हें इस दिन ज्यादा से ज्यादा पूजा-पाठ और दान-पुण्य करना चाहिए। इससे व्यक्ति के जीवन में खुशहाली आती है। हिंदू पंचांग के अनुसार, 30 दिसंबर, 2024 दिन सोमवार को साल की अंतिम सोमवती अमावस्या मनाई जाएगी।

पितरों का करें तर्पण अमावस्या का दिन बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। इस दिन अपने पूर्वजों का एक जानकार पुजारी के माध्यम से तर्पण कराना चाहिए। इससे जीवन में खुशहाली आती है और कुंडली से पितृ दोष समाप्त होता है। पिंडदान करें अमावस्या पूर्वजों का पिंडदान करने का सबसे सही दिन है। ऐसे में जिन्हें अपने पूर्वजों की मृत्यु की तिथि न पता हो, तो वे इस दिन अपने पितरों का पिंडदान कर सकते हैं।

दान-पुण्य करें - अमावस्या के दिन ज्यादा से ज्यादा दान और पुण्य करें। कहा जाता है कि इस दिन भोजन, कपड़े और अन्य आवश्यकता की चीजों का दान करने से भाग्य प्रबल होता है। साथ ही पितृ प्रसन्न होकर मनचाहा फल देते हैं।

## एक इंसान की जिंदगी दांव पर लगी है, किसान नेता डल्लेवाल के जीवन और सुरक्षा को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने जताई चिंता

नई दिल्ली (ए)। सुप्रीम कोर्ट ने किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को चिकित्सा सहायता देने के आदेश का पालन नहीं करने के लिए मुख्य सचिव के खिलाफ अवमानना याचिका को लेकर पंजाब सरकार को नोटिस जारी किया। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को चिकित्सा सहायता उच्चतम न्यायालय ने पंजाब सरकार को शनिवार तक अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। किसान नेता डल्लेवाल के जीवन और सुरक्षा को लेकर चिंतित, पंजाब सरकार उन्हें चिकित्सा सहायता सुनिश्चित करने के लिए सभी कदम उठाए। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार से कहा कि अगर कानून-व्यवस्था की स्थिति पैदा होती है तो आपको उससे सख्ती से निपटना होगा।

## कांग्रेस ने अपने सभी कार्यक्रम सात दिन के लिए रद्द किए



नई दिल्ली (ए)। कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के सम्मान में अपने सभी आधिकारिक कार्यक्रमों को सात दिन के लिए रद्द कर दिया है। मनमोहन सिंह का बृहस्पतिवार को निधन हो गया। वह 92 साल के थे। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह जी के सम्मान में, स्थापना दिवस समारोह सहित भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सभी आधिकारिक कार्यक्रम अगले सात दिन के लिए रद्द कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि इसमें सभी आंदोलनात्मक और संपर्क कार्यक्रम शामिल हैं। वेणुगोपाल ने बताया, पार्टी के कार्यक्रम 3 जनवरी, 2025 को फिर से शुरू होंगे। शोक की इस अवधि के दौरान पार्टी का झंडा आधा झुका रहेगा।




बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) द्वारा आयोजित 70वीं एकीकृत संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा (सीसीई) 2024 के अभ्यर्थियों ने पटना में प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों के बाद दोबारा परीक्षा की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।

# अवैध बांग्लादेशियों के खिलाफ पुलिस का एक्शन, छह सालों से अवैध रूप से रह रही महिला को वापस भेजा




नई दिल्ली (ए)। दिल्ली पुलिस ने एक अवैध बांग्लादेशी अप्रवासी को निर्वासित कर दिया है जो कथित तौर पर पिछले छह वर्षों से राष्ट्रीय राजधानी में अवैध रूप से रह रहा था। पुलिस द्वारा पहले अवैध अप्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई थी, जिसके माध्यम से उन्होंने 1,500 से अधिक बांग्लादेशी अप्रवासियों की पहचान की और दो को अवैध रूप से रहने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस उपायुक्त ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में रहने वाले अवैध प्रवासियों की जांच करने के हमारे विशेष अभियान के दौरान हमें एक 28 वर्षीय महिला के बारे में पता चला। वह विदेशी अधिनियम का उल्लंघन करके मुंबई और दिल्ली में रह रही थी। महिला, जिसके बारे में पता चला है कि वह बांग्लादेश के नरैल सदर उपजिला के सिंगशोलपुर गांव की मूल निवासी है, उचित दस्तावेज के बिना भारत में रह रही थी, जिससे उसके अनधिकृत अप्रवास पर चिंता बढ़ गई थी। उसकी पहचान करने और निर्वासित करने का अभियान दिल्ली पुलिस की एंटी-नारकोटिक्स यूनिट द्वारा चलाया गया था। दिल्ली में अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों की पहचान करने का अभियान एलजी सचिवालय द्वारा हाल ही में कार्रवाई के आदेश के बाद शुरू किया गया था। 15 जिलों में, पुलिस कर्मियों ने संदिग्ध बांग्लादेशी प्रवासियों की पहचान करने के लिए मतदाता पहचान पत्र और आधार कार्ड की जांच करने के लिए झुग्गी-झोपड़ियों और दिल्ली के कालिंदी कुंज, शाहीन बाग, हजरत निजामुद्दीन और जामिया नगर का दौरा करने के लिए टीमें बनाईं। दिल्ली एलजी सचिवालय ने मुख्य सचिव और पुलिस प्रमुख को शहर में रहने वाले ऐसे अप्रवासियों की पहचान करने और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए दो महीने का विशेष अभियान शुरू करने का निर्देश दिया।

## साल भर से फरार चल रहा माफिया अतीक का भांजा पकड़ा गया

लखनऊ (ए)। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने प्रयागराज सहित पूरे प्रदेश में दहशत पैदा करने वाले माफिया अतीक अहमद की मौत के बाद उनके गुर्गों और उसके गिरोह से जुड़े सदस्यों के खिलाफ एक बार फिर ऑपरेशन तेज कर दिया है। इस आपरेशन को महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में शांति व्यवस्था बनाये रखने से भी जोड़ कर देखा जा रहा है। अतीक अहमद के गुर्गों में खासकर अलग-अलग मुकदमे में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए जाल बिछाया जा रहा है। इसके अलावा अवैध रूप से जमीन का काम करने और आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वालों पर कानूनी शिकंजा कसा जा रहा है। इसी क्रम में पिछले एक साल से फरार चल रहे माफिया अतीक अहमद का भांजा मो. जका पुत्र मो. अहमद पुलिस के हत्थे चढ़ कर गिरफ्तार हो गया है। उसके कब्जे से वैगनआर कार, तमंचा और कारतूस बरामद हुए हैं। पूछताछ में पता चला है कि ट्रांसपोर्टर जका अहमद ने दिल्ली और कोलकाता में फरारी काटी थी। गत दिवस जब वह अपने घर मरियाडीह आया, तभी पूरामुफ्ती पुलिस ने घेरेबंदी करके उसे दबोच लिया। अब उसके साथियों की तलाश तेज हो गई है। बता दें जाफरी कालोनी धूमनगंज निवासी साबिर हुसैन ने एक साल पहले पूरामुफ्ती थाने में 10 लाख की रंगदारी मांगने, लूटपाट और हमला करने का मुकदमा दर्ज कराया था।

## मनमोहन सिंह ने देश की अर्थव्यवस्था को नयी दिशा दी : रामनाथ कोविंद



नई दिल्ली (ए)। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उन्होंने ऐसे समय में केंद्रीय वित्त मंत्री के रूप में अर्थव्यवस्था की बागडोर संभाली थी जब देश आर्थिक मोर्चे पर संकट का सामना कर रहा था। कोलकाता में एक कार्यक्रम में कोविंद ने सिंह के निधन को अपनी व्यक्तिगत क्षति बताते हुए कहा कि सिंह विनम्रता के प्रतीक थे। कोविंद ने कहा, उन्होंने कभी आपत्तिजनक, असंसदीय शब्द नहीं बोला। पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि सिंह ने अर्थव्यवस्था को एक नयी दिशा दी और देश को एक महत्वपूर्ण मोड़ पर पहुंचाया। कोविंद ने कहा, मनमोहन सिंह को आधुनिक निर्माता सुधारक के रूप में याद किया जाएगा। उन्होंने सिंह को विज्ञान और आध्यात्म का एक ऐसा मिलाजुला रूप बताया जिसमें भारत के मूल्य और संस्कार गहरे तक रचे-बसे थे। भारत में आर्थिक क्रांति लाने वाले सिंह का बृहस्पतिवार को नयी दिल्ली के एम्स में निधन हो गया। वह 92 वर्ष के थे। सिंह 2004 से 2014 तक देश के प्रधानमंत्री थे।

# महाराष्ट्र के गोंदिया में 7 लाख के इनामी नक्सली देवा ने किया सरेंडर, कई मामलों था वांछित



ठाणे (ए)। 7 लाख रुपये के इनामी 27 वर्षीय नक्सली ने महाराष्ट्र के गोंदिया में आत्मसमर्पण कर दिया। देवा उर्फ अर्जुन उर्फ राकेश सुमदो मुदाम प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के मलाजखंड दलम और पामेड़ प्लाटून नंबर 9 का हिस्सा था। देवा ने कलेक्टर प्रजीत नायर, पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे और अतिरिक्त एसपी नित्यानंद झा के सामने अपने हथियार डाल दिए। पुलिस द्वारा साझा किए गए बयान के अनुसार, देवा, जिस पर 7 लाख रुपये का इनाम है, गढ़चिरौली के टीपागढ़, छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव के झिलमिली काशीबेहरा बकरकट्टा में गोलीबारी के मामलों के साथ-साथ नक्सली हिंसा और सुरक्षा बलों पर हमलों की अन्य घटनाओं में शामिल था। कलेक्टर प्रजीत नायर, पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे और अतिरिक्त एसपी नित्यानंद झा के सामने हथियार डाल दिए। वह 2014 से गैरकानूनी आंदोलन का हिस्सा थे, जब वह सिर्फ किशोर थे और उन्होंने महाराष्ट्र-मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ क्षेत्र में सेवा की थी। पिछले हफ्ते, 8 लाख रुपये के दो इनामी नक्सलियों ने महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में सुरक्षा बलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस के एक आधिकारिक बयान के अनुसार, गढ़चिरौली निवासी रामसु पोयम उर्फ नरसिंह (55) और पड़ोसी छत्तीसगढ़ के नारायणपुर के मूल निवासी रमेश कुंजम उर्फ गोविंद (25) ने गढ़चिरौली पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पोयम पर 6 लाख रुपये का इनाम था, उसे 1992 में टिपागढ़ एलओएस के सदस्य के रूप में भर्ती किया गया था और 2010 से कुतुल और नेलनार एलओएस में क्षेत्र समिति सदस्य (एसीएम) के रूप में कार्य किया था।

## द एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर करते हुए जाना डॉ मनमोहन सिंह हैं महान : अनुपम खेर

मुंबई (आरएनएस)। 2019 में फिल्म द एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर रिलीज हुई। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का किरदार अनुपम खेर ने निभाया था। पूर्व पीएम के निधन पर खेर दुखी हैं। अपना कष्ट उन्होंने एक वीडियो संदेश के माध्यम से साझा किया। उन्हें विनम्र अर्थशास्त्री और ईमानदार व्यक्ति बताया। साझा किए गए वीडियो में अभिनेता कहते नजर आए, मैं अभी देश से बाहर हूं और मुझे यह दुखद खबर मिली। मैंने उनके जीवन के साथ लगभग डेढ़ साल गुजारा है, जब कोई अभिनेता किसी किरदार को निभाता है तो उस शख्स के बाहरी चीजों को लेकर तो अध्ययन करता ही है, साथ ही वह उस शख्स के अंदर भी झांकता है। मनमोहन सिंह एक कमाल की शख्सियत थे।खेर ने आगे बताया, मैंने कुछ वजहों से यह फिल्म करने से पहले मना कर दिया था। इसमें राजनीतिक वजह भी शामिल थे। मुझे लगा था कि लोग यह समझेंगे कि मैंने यह फिल्म उनका मजाक उड़ाने के लिए की है ऐसा कुछ लोगों ने कहा भी। मगर अगर मुझे अपनी जिंदगी में 3 या 4 शानदार किरदारों को चुनने के लिए कहा जाए तो उनमें से एक मनमोहन सिंह जी का किरदार होगा।



बारामूला जिले के गुलमर्ग इलाके में ताजा बर्फबारी के दौरान कारें बर्फ से ढक गईं.

# निखिता गांधी ने श्रेया घोषाल के साथ अपनी पहली मुलाकात को याद किया




पॉप गायिका निखिता गांधी ने एक लोकप्रिय संगीत रियलिटी शो में लोकप्रिय गायिका श्रेया घोषाल के साथ अपनी पहली मुलाकात को याद करते हुए बताया कि यह मुलाकात फिल्म निर्माता राजकुमार राव की फिल्म संजू के लिए रिकॉर्डिंग सत्र के दौरान हुई थी।निखिता और श्रेया घोषाल ने रणबीर कपूर अभिनीत फिल्म संजू में राजकुमार हिरानी द्वारा निर्देशित दो गानों क्रमशः मुझे चांद पे ले चलो और कर हर मैदान फतेह में अपनी आवाज दी थी।रिकॉर्डिंग के दिनों को याद करते हुए, निखिता ने कहा मुझे राजकुमार हिरानी की फिल्म संजू के दौरान पहली बार श्रेया से मिलना याद है, जहाँ हम दोनों के गाने थे। मुझे रिकॉर्डिंग सत्र के दौरान उनसे मिलना याद है और वह रिकॉर्डिंग बूथ में अपने टेक कर रही थीं और हर टेक इतना शानदार था। मुझे याद है कि मैं वहां विस्मय में बैठी थी और उनका गायन सुन रही थी। वह उन सबसे शानदार गायिकाओं में से एक हैं जिन्हें मैंने कभी सुना हैउन्होंने आगे कहा, उनसे दोबारा मिलकर बहुत अच्छा लगा और मैं एक कलाकार के रूप में उनका बहुत सम्मान करती हूं और जिस तरह से उन्होंने अपनी कला को निखारा है, मैं उनका बहुत सम्मान करती हूं।निखिता ने हाल ही में एपी ढिल्लों के ब्राउनपॉइंट टूर में अपने सफल ट्रैक प्रस्तुत किए थे, जिसकी शुरुआत मुंबई से हुई थी और वह अपने लाइव शो के लिए दुनिया भर की यात्रा भी कर रही हैं।33 वर्षीय गायक ने राब्ता में दीपिका पादुकोण के चेहरे के रूप में शीर्षक ट्रैक राब्ता के लिए गाना गाया है। उन्होंने फिल्म जग्गा जासूस से अरिजीत सिंह के साथ उल्लू का पट्ठा गाना गाया। उन्होंने सचिन ए बिलियन ड्रीम्स, जब हैरी मेट सेजल, केदारनाथ, लुका छुपी, सूर्यवंशी और टाइगर 3 सहित कई हिंदी फिल्मों के लिए अपनी आवाज का हुनर दिखाया है। निखिता ने लियो, वरिसु, कॉकपिट और किशमिश जैसी फिल्मों के लिए बंगाली और तमिल गाने भी गाए हैं।

# कीर्ति सुरेश और पैपराजी के साथ विवाद सुर्खियों में



वरुण धवन की नई फिल्म 'बेबी जॉन' की स्क्रीनिंग के दौरान अभिनेत्री कीर्ति सुरेश और उनकी टीम का पैपराजी के साथ विवाद सुर्खियों में आ गया। कीर्ति, जिन्होंने फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू किया है, अपनी कार में बैठने के दौरान पैपराजी के लगातार फोटो खींचने से असहज हो गईं।

कीर्ति की टीम का एक सदस्य पैपराजी को फोटोज क्लिक करने के तरीके को लेकर टोक रहा है। वीडियो में कहते हैं, इस अजीब तरीके से फोटो मत लो। वे सिर्फ बैठने जा रही है। टीम का कहना था कि यह कीर्ति की प्राइवेसी का उल्लंघन है। इस वायरल वीडियो पर लोग जमकर कमेंट कर रहे हैं। कुछ ने कीर्ति की टीम का समर्थन कर कहा कि कलाकारों की भी प्राइवेसी होनी चाहिए। वहीं, कुछ ने घमंड का संकेत बताकर कीर्ति की आलोचना की।

फिल्म 'बेबी जॉन' क्रिसमस के मौके पर रिलीज हो चुकी है। मूवी को कलीस ने डायरेक्ट किया है और निर्माता एटली हैं। यह एक एक्शन-थ्रिलर फिल्म है, जिसमें वरुण धवन, कीर्ति सुरेश, वामिका गब्बी, जैकी श्रॉफ और राजपाल यादव मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म कीर्ति सुरेश की पहली हिंदी फिल्म है, और उनके प्रशंसक इस बात को बेहद उत्साहित हैं। स्क्रीनिंग के दौरान हुए इस विवाद के बावजूद, दर्शक फिल्म को सिनेमाघरों में देखने के लिए बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं।

# जूनियर एनटीआर ने वॉर 2 का लंबा शेड्यूल पूरा किया

जूनियर एनटीआर ने वॉर 2 के लिए लंबा शेड्यूल पूरा किया। एनटीआर को फिल्म प्रेमियों के सभी वर्गों में जबरदस्त समर्थन प्राप्त है और आरआरआर और देवरा में उनके गहन और प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ उत्तर में उनके लिए दीवानगी बढ़ गई है। फिलहाल सभी की निगाहें उनके आने वाले प्रोजेक्ट वॉर 2 पर हैं। यह फिल्म एनटीआर की पहली बॉलीवुड प्रोजेक्ट है और वह ऋतिक रोशन के साथ स्क्रीन प्रेजेंस साझा कर रहे हैं। अयान मुखर्जी द्वारा निर्देशित यह फिल्म ब्लॉकबस्टर फिल्म वॉर का सीक्वल है और 14 अप्रैल 2025 को भव्य रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म की शूटिंग मुंबई में जोरों पर है। अब यह सामने आ रहा है कि एनटीआर ने वॉर 2 के लिए एक लंबा शेड्यूल पूरा कर लिया है। एक अन्य एक्शन सीक्वेंस में ऋतिक रोशन ने शूटिंग में भाग लिया।

सूत्रों का कहना है कि जनवरी में एक और सीक्वेंस शूट किया जाना था, लेकिन एनटीआर ने जनवरी 2025 के अंत तक पूरी शूटिंग पूरी करने की योजना बनाई है। इसलिए अयान मुखर्जी शेड्यूल को तेजी से आगे बढ़ा रहे हैं। अंदरूनी चर्चा है कि एनटीआर की सुपरसोनिक गति सभी को चौंका रही है। गानों को छोड़कर, पूरी शूटिंग जनवरी के अंत तक पूरी हो जाएगी। एनटीआर फरवरी से प्रशांत नील के साथ अपनी अगली फिल्म के सेट पर शामिल होंगे।

# जब बचपन में वरुण ने ठुकराया श्रद्धा का प्रपोजल.........वरुण को पिटवाया



बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन और श्रद्धा कपूर की बचपन की दोस्ती से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा चर्चा का विषय बना। वरुण ने बताया कि कैसे 8 साल की उम्र में श्रद्धा ने उन्हें प्रपोज किया था और उनके इंकार के बाद अपनी गैंग से उनकी पिटाई करवा दी थी।

वरुण ने कहा, हम आठ साल के थे, जब श्रद्धा मुझे पहाड़ों पर ले गई और प्रपोज किया। उस उम्र में कौन लड़का किसी लड़की को पसंद करता है? मैंने उसका प्रपोजल ठुकरा दिया। लेकिन मेरे इंकार से श्रद्धा नाराज हुई और अपने दोस्तों से वरुण की पिटाई करवा दी।

वरुण ने बताया, श्रद्धा का दसवां बर्थडे था। श्रद्धा ने मुझे पार्टी पर बुलाया था। उस समय, चार लड़के और थे जो श्रद्धा को पसंद करते थे। हम जंपिंग बैग गेम खेल रहे थे, तभी वे लड़के मुझसे भिड़ गए और पूछा कि तुम्हें श्रद्धा पसंद क्यों नहीं है? फिर मेरी पिटाई कर दी। हालांकि, वरुण ने कहा कि जब उन्होंने बाद में श्रद्धा की खूबसूरती देखी, तब उन्हें अपने इंकार पर पछतावा हुआ।


# रणवीर सिंह और आदित्य धर की फिल्म की शीर्षक से उठा पर्दा, नाम हैं धुरंधर

निर्देशक आदित्य धर नई फिल्म पर काम कर रहे हैं। इसमें रणवीर सिंह, अक्षय खन्ना, आर माधवन और अर्जुन रामपाल जैसे सितारे हैं। फिल्म एक्शन से भरपूर है। अब इससे जुड़ी एक दिलचस्प जानकारी सामने आई है। इसका टाइटल लीक हो गया है। दरअसल, इस फिल्म का अमृतसर का शूटिंग शेड्यूल पूरा हो चुका है। इसकी जानकारी एक्टर राकेश बेदी ने साझा की। इसके साथ उन्होंने केक कटिंग की फोटो भी पोस्ट की, जिसमें फिल्म का टाइटल लिखा है।

आदित्य धर की एक्शन से भरपूर इस फिल्म का नाम है धुरंधर। केक पर यही नाम लिखा है। साथ ही शूटिंग पूरी होने की जानकारी भी साथ है। केक पर रणवीर सिंह, आर माधवन, अक्षय खन्ना, राकेश बेदी, संजय दत्त और अर्जुन रामपाल की तस्वीरें भी है। अमृतसर में इस फिल्म की शूटिंग करीब एक महीने तक चली।

एक्टर राकेश बेदी भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। उन्होंने पोस्ट के साथ कस्टम केक की तस्वीर साझा करते हुए लिखा है, फिल्म धुरंधर का अमृतसर का महीनेभर का शेड्यूल पूरा हो गया है। इस फिल्म को आदित्य धर प्रोड्यूसर कर रहे हैं और निर्देशन भी वही कर रहे हैं। फिल्म धुरंधर एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है।

# बेबी जॉन थलपति विजय की थेरी को पछाड़ने में नाकाम, फिर भी डबल-डिजिट में ओपनिंग करने में हुई कामयाब




वरुण धवन की मास एक्शन एंटरटेनर बेबी जॉन 2024 की आखिरी बड़ी बॉलीवुड रिलीज है. वह फिल्म क्रिसमस के मौके पर बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुई. फिल्म में बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान कैमियो की भूमिका में नजर आए हैं. फिल्म को दर्शकों और समीक्षक से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली है. हालांकि इसने बॉक्स ऑफिस पर डबल-डिजिट नंबर के साथ अच्छी शुरुआत की है. क्रिसमस की छुट्टियों के कारण बेबी जॉन की ओपनिंग को फायदा मिला है. हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर पुष्पा 2 और मुफासा जैसी फिल्मों की वजह से यह थोड़ी प्रभावित हुई है. फिल्म ने अनुमानों के अनुसार ओपनिंग की. हालांकि, एक मास मूवी और हॉलिडे रिलीज होने के कारण बेबी जॉन से बहुत अधिक ओपनिंग की उम्मीद थी, जो नहीं हुआ. फिर भी फिल्म डबल डिजिट में बिजनेस करने में कामयाब रही हैं.

हालांकि, बेबी जॉन, थलपित विजय की थेरी के ओपनिंग डे बॉक्स ऑफिस कलेक्शन को पार करने में विफल रही. थेरी ने ओपनिंग डे पर घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 18.1 करोड़ रुपये और दुनिया भर में 39.96 करोड़ रुपये कमाए थे. सैकनिल्क के रिपोर्ट के मुताबिक, एटली की निर्मित फिल्म बेबी जॉन ने 12.50 करोड़ रुपये की कमाई की. बुधवार को फिल्म की हिंदी ऑक्यूपेंसी 24.53 प्रतिशत रही.इसके अलावा, अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 अपने तीसरे हफ्ते में भी बेबी जॉन को कड़ी टक्कर दे रही है. पुष्पा 2 ने 19.75 करोड़ का कलेक्शन किया है. पुष्पा 2 ने हिंदी में 15 करोड़ का नेट कलेक्शन किया. फिल्म का हिंदी बेल्ट में कुल कलेक्शन 730.75 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है और 800 करोड़ के नेट क्लब की ओर बढ़ रही है.किच्चा सुदीप की एक्शन थ्रिलर मैक्स भी क्रिसमस के मौके पर 25 दिसंबर को रिलीज हुई है. इसने कन्नड़ फिल्म के लिए 2024 की सबसे बड़ी ओपनिंग ली है. शुरुआती अनुमानों के अनुसार, फिल्म ने पहले दिन लगभग 10 करोड़ की कमाई की है. उम्मीद है कि यह एक शानदार ओपनिंग वीकेंड भी देगी. क्रिसमस से नए साल के फेस्टिव सीजन की शुरुआत के साथ यह देखना दिलचस्प होगा कि बेबी जॉन अपने ओपनिंग वीकेंड में बॉक्स ऑफिस पर कैसा प्रदर्शन करती है.

# क्या एलोवेरा जूस सेहत के लिए हमेशा सुरक्षित होता है? जानिए इसकी सच्चाई



एलोवेरा जूस एक ऐसा पेय है, जिसे बेहद सेहतमंद माना जाता है। यह सच है कि एलोवेरा में कई पोषक तत्व होते हैं, जो सेहत के लिए अच्छे माने जाते हैं।हालांकि, क्या यह हमेशा सुरक्षित होता है?इस लेख में हम एलोवेरा जूस से जुड़े कुछ मिथकों पर चर्चा करेंगे और जानेंगे कि इसे डाइट में जोड़ते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए, ताकि इसका सही लाभ मिल सके और संभावित नुकसान से बचा जा सके।

## एलोवेरा जूस के फायदे और नुकसान

एलोवेरा जूस को स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद बताया जाता है, क्योंकि यह पाचन को सुधारने और त्वचा की देखभाल करने में मदद करता है।हालांकि, इसका अधिक सेवन पेट दर्द या दस्त जैसी समस्याएं पैदा कर सकता है। इसीलिए, इसे संतुलित मात्रा में ही लेना चाहिए।अगर आप किसी बीमारी से ग्रस्त हैं या दवा ले रहे हैं, तो इसे खान-पान का हिस्सा बनाने से पहले डॉक्टर की सलाह जरूर ले लें, ताकि कोई अनचाही समस्या न हो।

## गर्भवती महिलाओं को नहीं करना चाहिए इसका सेवन

गर्भावस्था के दौरान महिलाओं को अपनी डाइट का खास ध्यान रखना होता है। इस समय एलोवेरा जूस का सेवन करने से पहले डॉक्टर की सलाह जरूर ले लें।यह इसलिए जरूरी है, क्योंकि एलोवेरा जूस में मौजूद कुछ तत्व गर्भस्थ शिशु पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। यह शिशु के विकास में बाधा डाल सकता है।इसलिए गर्भवती महिलाओं को एलोवेरा जूस पीने से बचना चाहिए या विशेषज्ञ की राय अवश्य लेनी चाहिए, ताकि कोई समस्या न हो।


## बच्चों के लिए नहीं है फायदेमंद

मां-बाप बच्चों को हमेशा पौष्टिक खाद्य पदार्थ देने की कोशिश करते हैं। हालांकि, एलोवेरा जूस का सेवन उनके लिए फायदेमंद नहीं होता है।बच्चों का पाचन तंत्र वयस्कों जितना मजबूत नहीं होता है और एलोवेरा जूस उनके पेट में दर्द पैदा कर सकता है। इससे पेट में ऐंठन हो सकती है या दस्त जैसी समस्याएं हो सकती हैं।इसलिए बच्चों को यह देने से पहले बाल रोग विशेषज्ञ से सलाह अवश्य लें।

दवा लेने वालों के लिए चेतावनी

अगर आप कोई दवा ले रहे हैं, तो एलोवेरा जूस पीने से पहले सावधानी बरतें। यह कुछ दवाओं के साथ प्रतिक्रिया कर सकता है और उनकी प्रभावशीलता को कम कर सकता है या साइड इफेक्ट्स बढ़ा सकता है।ऐसे में डॉक्टर की सलाह लेना जरूरी है, ताकि आपकी स्वास्थ्य स्थिति स्थिर बनी रहे और कोई अनचाही समस्या न हो।एलोवेरा जूस के फायदे होते हुए भी इसका सेवन सोच-समझकर करना चाहिए, ताकि संभावित नुकसान से बचा जा सके।

# सुबह-सुबह सूर्य नमस्कार करना सेहत के लिए होता है फायदेमंद, ऐसे डालें इसकी आदत



सुबह के समय सूर्य नमस्कार करना स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होता है। यह न केवल शरीर को ताजगी देता है, बल्कि मानसिक शांति भी प्रदान करता है।इस लेख में हम आपको बताएंगे कि कैसे आप सुबह के समय सूर्य नमस्कार करने की आदत डाल सकते हैं और इसके क्या-क्या फायदे होते हैं।यह लेख सभी उम्र के लोगों के लिए उपयोगी होगा, खासकर उन लोगों के लिए, जो अपनी दिनचर्या में थोड़ा बदलाव लाना चाहते हैं।

## सही तरीके से शुरुआत करें

सूर्य नमस्कार की शुरुआत करने से पहले अपने शरीर को हल्का गर्म कर लें। इससे मांसपेशियों में खिंचाव नहीं होगा और चोट लगने का खतरा कम रहेगा।शुरुआत में धीरे-धीरे यह एक्सरसाइज करें और हर आसन पर ध्यान दें। अगर आप पहली बार कर रहे हैं, तो किसी विशेषज्ञ की सलाह लेना बेहतर होगा, ताकि आप सही तरीके से इसे सीख सकें।इससे आपको सही तकनीक का ज्ञान होगा, जिससे अभ्यास अधिक प्रभावी होगा और शरीर का लचीलापन बढ़ेगी।

## नियमितता बनाए रखें

सूर्य नमस्कार का फायदा तभी मिलता है, जब इसे नियमित रूप से किया जाए। इसे रोजाना एक ही समय पर करने की कोशिश करें, ताकि यह आपकी दिनचर्या का हिस्सा बन सके।इससे आपके शरीर को इसकी आदत हो जाएगी और आप ज्यादा ऊर्जावान महसूस करेंगे। नियमित अभ्यास से न केवल आपका शरीर लचीला बनेगा, बल्कि मानसिक शांति भी मिलेगी।यह आदत आपको दिनभर तरोताजा और सक्रिय बनाए रखेगी, जिससे आपके काम करने की क्षमता भी बढ़ेगी।

## सांसों पर ध्यान दें

सूर्य नमस्कार करते समय सांसों पर ध्यान देना बेहद जरूरी होता है। हर आसन के साथ धीरे-धीरे और सही तरीके से सांस लें और छोड़ें।इससे आपकी श्वसन प्रणाली मजबूत होगी और मानसिक शांति मिलेगी। गहरी सांस लेने से तनाव कम होता है और मन शांत रहता है, जिससे आप बेहतर तरीके से ध्यान केंद्रित कर पाते हैं।यह प्रक्रिया शरीर को ऊर्जा देती है और आपको दिनभर तरोताजा महसूस करवाती है।

## धीरे-धीरे अभ्यास का समय बढ़ाएं

शुरुआत में 5-10 मिनट तक सूर्य नमस्कार करें, ताकि आपका शरीर इस अभ्यास का आदी हो सके। धीरे-धीरे इसका समय बढ़ाएं और ध्यान दें कि आपका शरीर कैसे प्रतिक्रिया करता है।जैसे-जैसे आप इसे नियमित रूप से करते रहेंगे, आपकी मांसपेशियां मजबूत होंगी। इससे आपको बेहतर संतुलन और शारीरिक शक्ति मिलेगी।अधिक समय तक अभ्यास करने से आप मानसिक रूप से भी शांत महसूस करेंगे और दिनभर ऊर्जावान रहेंगे। यह प्रक्रिया आपके स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद साबित होगी।

## खुद को प्रेरित रखें

खुद को प्रेरित रखने के लिए अपने अनुभवों को लिखें और दोस्तों के साथ साझा करें, जो इस प्रक्रिया में आपकी मदद कर सकते हैं।इससे आपको नई दृष्टि मिलेगी और आप अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित कर पाएंगे।

सकारात्मक सोच बनाए रखें और अपनी प्रगति को मापने के लिए छोटे-छोटे लक्ष्यों का निर्धारण करें।यह आदत आपको लंबे समय तक प्रेरित रखेगी और सूर्य नमस्कार का अभ्यास जारी रखने में मदद करेगी।

# एचआईएल : हरमनप्रीत को सूरमा हॉकी क्लब का कप्तान बनाया गया

राउरकेला,(ए)। सूरमा हॉकी क्लब ने 28 दिसंबर से राउरकेला में शुरू होने वाले हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के आगामी सीजन के लिए दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता हरमनप्रीत सिंह को कप्तान घोषित किया है। अर्जुन पुरस्कार विजेता और दो बार एफआईएच बेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर रह चुके हरमनप्रीत ने पंजाब और हरियाणा स्थित फ्रेंचाइजी का नेतृत्व करने के बारे में अपना उत्साह व्यक्त किया। दिग्गज ड्रैग-फ्लिकर ने कहा, मैं इस अविश्वसनीय टीम का नेतृत्व करने और ऐसे क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने के लिए उत्सुक हूं, जो मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखता है। यह एक विशेषाधिकार और सम्मान है। उन्होंने चंडीगढ़ के ताऊ देवी लाल स्टेडियम में सफल प्री-सीजन कैंप के बाद टीम की तैयारी और सौहार्द पर भी प्रकाश डाला। भारतीय पुरुष टीम के कप्तान ने कहा, हमारे पास एक मजबूत टीम है, जो शिविर के दौरान अच्छी तरह से जुड़ी हुई है। हममें से कई लोग सालों से एक साथ खेल रहे हैं, और हमारे पास कुछ रोमांचक युवा प्रतिभाएं और अनुभवी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं। हमारा लक्ष्य स्पष्ट है - ट्रॉफी जीतना।सूरमा हॉकी क्लब के मुख्य कोच जेरोन बार्ट ने हरमनप्रीत के नेतृत्व गुणों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान के रूप में हरमनप्रीत का अनुभव, दबाव में उनका संयम और भारतीय और विदेशी खिलाड़ियों से मिलने वाला सम्मान उन्हें टीम का नेतृत्व करने के लिए एकदम सही विकल्प बनाता है। हम उन्हें इस सीज़न में टीम का मार्गदर्शन करते हुए देखने के लिए उत्साहित हैं। उल्लेखनीय रूप से, टीम में भारतीय सितारे विवेक सागर प्रसाद, गुरजंत सिंह, मनिंदर सिंह, सुनीत लाकड़ा और मोहित एचएस के साथ-साथ ऑस्ट्रेलियाई ड्रैग-फ्लिकर जेरेमी हेवर्ड, बेल्जियम के निकोलस पोंसलेट और विक्टर वेगनेज़, ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता गोलकीपर विन्सेंट वानाश, डच स्ट्राइकर बोरिस बर्कहार्ट और अर्जेंटीना के मिडफील्डर निकोलस डेला टोरे जैसी अंतरराष्ट्रीय प्रतिभाएं शामिल हैं। सूरमा हॉकी क्लब अपने पहले अभियान की शुरुआत 29 दिसंबर को राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में तमिलनाडु ड्रैगन्स के खिलाफ करेगा।

### बॉक्सिंग-डे टेस्टः यशस्वी जायसवाल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने दूसरे शतक से चूके

मेलबर्न(ए)। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेले जा रहे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 के चौथे टेस्ट में भारतीय क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल शतक बनाने से चूक गए।वह 82 रन बनाकर पवेलियन लौटे। यशस्वी कंगारू टीम के खिलाफ दूसरे शतक की ओर बढ़ रहे थे तभी वह दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से रन आउट हुए हो गए।इस बीच उन्होंने विराट कोहली के साथ 102 रन जोड़े। आइए उनकी पारी और आंकड़ों पर एक नजर डालते हैं।

मेलबर्न के मैदान पर भारतीय टीम को शुरुआती झटके लगे। हालांकि, एक छोर से यशस्वी ने टिककर बल्लेबाजी की। उन्होंने 118 गेंदों का सामना किया और 82 रन बनाए। उनके बल्ले से 11 चौके और 1 छक्का निकला। उनके टेस्ट करियर का 9वां अर्धशतक रहा।भारतीय टीम का पहला झटका 8 रन पर लगा था। इसके बाद उन्होंने केएल राहुल के साथ 43 रन की साझेदारी निभाई।कोहली के साथ यशस्वी ने 157 गेंदों में 102 रन जोड़े।

# विराट कोहली के आउट होने पर ऑस्ट्रेलियाई दर्शकों ने की ऐसी हरकत, भड़क गए पूर्व कप्तान

मेलबर्न (ए)। भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ऑस्ट्रेलिया दौरे पर फैंस के निशाने पर हैं। सीरीज की शुरुआत में जहां उन्हें मीडिया और फैंस किंग के रूप में पेश किया जा रहा था, वहीं अब हर मैच में उन्हें हूटिंग और



अपशब्दों का सामना करना पड़ रहा है। मेलबर्न टेस्ट में कोहली 86 गेंदों में 36 रन बनाकर आउट हुए। स्कॉट बोलैंड की गेंद पर एलेक्स कैरी ने उनका कैच लपका। आउट होने के बाद जब वह ड्रेसिंग रूम की ओर जा रहे थे, तो दर्शकों ने उन्हें जोर-जोर से हूटिंग करना शुरू कर दिया। कोहली ने शुरुआत में इसे नजरअंदाज करने की कोशिश की, लेकिन जब हूटिंग बढ़ती गई और कुछ दर्शकों ने अपशब्दों का इस्तेमाल किया, तो वे गुस्से में पीछे मुड़े और दर्शकों की ओर देखने लगे। सोशल मीडिया पर इस घटना का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में कोहली काफी गुस्से में नजर आ रहे हैं। इस घटना के बाद से ही क्रिकेट जगत में इस पर काफी बहस हो रही है। कुछ लोग कोहली को सपोर्ट कर रहे हैं, तो कुछ लोग दर्शकों का पक्ष ले रहे हैं। कोहली के खराब फॉर्म ने भी इस स्थिति को और बिगाड़ दिया है। ऑस्ट्रेलिया में उनका बल्ला लगातार खामोश रहा है और वह बड़े स्कोर नहीं बना पा रहे हैं।

# दीप्ति के शानदार प्रदर्शन से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने तीसरे एकदिवसीय में वेस्टइंडीज को हराकर सीरीज 3-0 से जीती



वड़ोदरा (ए)। दीप्ति शर्मा के ऑलराउंड प्रदर्शन की सहायता से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने तीसरे एकदिवसीय मैच में भी वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराकर 3-0 से सीरीज जीती है। इस मैच में वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 162 रन बनाये। इस प्रकार भारतीय टीम को जीत के लिए 163 रनों का लक्ष्य मिला जिसे भारतीय टीम ने 28.2 ओवरों में ही 167 रन बनाकर हासिल कर लिय। भारतीय टीम की ओर से सबसे अधिक नाबाद 39 रन दीप्ति ने बनाये। वहीं इससे पहले गेंदबाजी के दौरान भी दीप्ति ने छह विकेट लिए थे।

लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 23 रनों के अंदर ही अपने दो विकेट खो दिए। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना केवल 4 रन रनों पर ही पेवेलियन लौट गयीं। वहीं हरलीन देओल के रन ही बना पायीं। इसके बाद प्रतिका रावल ने कप्तान हरमनप्रीत कौर के साथ स्कोर आगे बढ़ाया। प्रतिका 10वें ओवर में 18 रन बनाकर हेली मैथ्यूज का शिकार बनी। इसके बाद हरमनप्रीत कौर भी 32 रन बनाकर आउट हो गयीं।

ऐसे में जेमिमाह रॉड्रिग्स और दीप्ति ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने पांचवें विकेट के लिये 56 रन बनायेई। जेमिमाह 29 बनकार आउट हुईं। इसके बाद भी दीप्ति डटी रहीं उन्होंने ऋचा घोष के साथ बल्लेबाजी करते हुए टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। दीप्ति शर्मा ने 48 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाकर नाबाद 39 रन बनाये।

वहीं ऋचा घोष ने 11 गेंदों में एक चौका और तीन छक्के लगाते हुए तेजी से नाबाद 23 रन बनाये। इस प्रकार भारतीय टीम ने 28.2 ओवरों में ही 167 रन बनाकर मुकाबला 3-0 से जीत लिया। वेस्टइंडीज की ओर से डिएंड्रा डॉटिन, आलिया ऑलेन, हेली मैथ्यूज, करिश्मा रामहैक और ऐफी फ्लेचर ने एक-एक विकेट लिया।

वहीं इससे पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज करते हुए वेस्टइंडीज टीम भारतीय गेंदबालों का सामना नहीं कर पायी। दीप्ति शर्मा ने छह विकेट जबकि रेणुका सिंह ने चार विकेट लिए। वेस्टइंडीज की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने केवल नौ रन के स्कोर पर अपने तीन विकेट गवां दिये। इसके बाद शमैन कैंपबेल और शिनेल हेनरी की जोड़ी ने पारी को संभाला। शिनेल हेनरी ने 72 गेंदों में 5 चौके और तीन छक्के लगाते हुए सबसे अधिक 61 रन बनाये। वहीं आलिया ऑलेन ने 21 रन बनाये बाकि बल्लेबाज दो अंकों तक भी नहीं पहुंच पायीं।

# भारतीय टीम ने यशस्वी के अर्धशतक से पहली पारी में बनाये 164/5

## स्मिथ के शतक से ऑस्ट्रेलिया ने बनाये 474



मेलबर्न (ए)। यशस्वी जायसवाल की 82 रनों की शानदार पारी की सहायता से भारतीय टीम ने मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर सीरीज के चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच के दूसरे दिन अपनी पहली पारी में पांच विकेट पर 164 रन बनाये। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय ऋषभ पंत 6 और रविन्द्र जडेजा 4 रनों पर खेल रहे थे। वही इससे पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम ने अपनी पहली पारी में 474 रन बनाए हैं। ऐसे में भारतीय टीम अब भी उससे 310 रनों से पीछे है। दूसरे दिन के खेल में मेजबान ऑस्ट्रेलियाई टीम हावी रही। बल्लेबाजी के दौरान जहां स्टीव स्मिथ ने 140 रनों की शतकीय पारी खेली। वहीं इसके बाद उसके गेंदबाजों ने आधी भारतीय टीम को पेवेलिन भेज दिया।

अंतिम सत्र में मेजबान टीम हावी हो गयी। 474 रनों का पीछ करते हुए एक समय भारतीय टीम ने दो विकेट पर 153 रन बनाये थे। इसके बाद छह रनों के अंददर ही भारतीय टीम ने तीन और विकेट खो दिए। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल बदकिस्मती से रन आउट हो गये। यशस्वी ने कोहली के साथ 102 रन की साझेदारी की। यशस्वी के रन आउट होते ही भारतीय टीम दबाव में आ गयी। यशस्वी 82 रन बना सके जबकि विराट कोहली ने 36 रन बनाये। इसके बाद बल्लेबाजी के लिए उतरे आकाश दीप भी शून्य पर ही आउट हो गये। भारतीय पारी की शुरुआत बेहद खराब रही और कप्तान रोहित शर्मा तीन रन और केएल राहुल 24 रन बनाकर पेवेलियन लौटे। ऑस्ट्रेलिया की ओर से पैट कमिंस और स्कॉट बोलैंड ने दो-दो विकेट लिए। इससे पहले आज सुबह ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहले दिन के 6 विकेट पर 311 रनों से आगे खेलते हुए अपनी पहली पारी में 474 रन बनाये। स्टीव स्मिथ ने 140 रनों की शतकीय पारी खेली। वहीं भारतीय टीम की ओर से जसप्रीत बुमराह ने सबसे अधिक चार विकेट लिए। मेजबान टीम की पहली पारी में शीर्ष क्रम के सभी 4 बल्लेबाजों ने 50 से अधिक रन बनाये जबकि स्मि?थ ने 140 रन बनाकर सीरीज का अपना दूसरा शतक लगाया। भारतीय टीम की ओर से बुमराह के 4 विकेट के अलावा रवींद्र जडेजा ने 3 विकेट लिए। आकाश दीप को 2, वाशिंगटन सुंदर को 1 विकेट मिला।

इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी रही। 19 साल के सैम कोंस्टास ने अपने डेब्यू मैच में ही अर्धशतक लगाकर टीम को शानदार शुरुआत दी। फिर कोंस्टास ने 11वें ओवर में बुमराह की गेंदों पर कुल 18 रन बनाये। कोंस्टास ने तूफानी बल्लेबाजी जारी रखी और सिर्फ 52 गेंदों पर अर्धशतक लगा दिया।

इसके बाद उस्मान ख्वाजा और मार्नस लाबुशेन ने संभलकर खेले और दोनों ने 65 रनों की साझेदारी बनायी।

237 के स्कोर पर जहां लाबुशेन 72 रन बनाकर आउट हुए। वहीं ट्रेविस हेड 0 पर बुमराह की गेंद पर क्लीन बोल्ड हो गए।दूसरे दिन के खेल के पहले सत्र का आकर्षण स्मिथ की शानदार पारी रही। स्मिथ ने 9 चौके और दो छक्के की मदद से 167 गेंदों पर अपना शतक लगाया। स्मिथ का ये लगातार दूसरा शतक रहा स्मिथ ने टेस्ट करियर का यह 34वां और भारत के खिलाफ 11वां टेस्ट शतक बनाया।

स्मिथ अब भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा टेस्ट शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। स्मिथ और पैट कमिंस के बीच सातवें विकेट के लिए 112 रनों की साझेदारी हुई। कमिंस 49 रन बनाकर रवींद्र जडेजा की गेंद पर नीतीश रेड्डी के हाथों कैच हुए। आठवें विकेट मिचेल स्टार्क का गिरा।

### रोहित के आउट होने पर पोंटिंग ने कहा, आपको तैयार रहना चाहिए

मेलबर्न, (ए)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने बॉक्सिंग डे टेस्ट के दूसरे दिन पैट कमिंस की गेंद पर भारतीय कप्तान रोहित शर्मा द्वारा खेले गए शांत शॉट की आलोचना करते हुए कहा कि मजबूत गेंदबाजी लाइन-अप का सामना करते समय आपको तैयार रहना चाहिए और अच्छे निर्णय लेने चाहिए।

श्रृंखला में पहली बार बल्लेबाजी की शुरुआत करने का रोहित का कदम उल्टा पड़ गया, जब उन्होंने कमिंस की गेंद पर एक पैर पर आधा-अधूरा पुल शॉट खेला और दूसरे ओवर में मिड-ऑन पर गेंद का ऊपरी किनारा आसानी से कैच हो गया और वे तीन रन पर आउट हो गए। इस आउट होने के साथ ही रोहित की इस श्रृंखला में रनों की संख्या 22 हो गई, जिससे इस साल टेस्ट मैचों में उनका खराब प्रदर्शन जारी रहा। यह बस एक आलसी, बिना सोचे-समझे, पल भर के लिए तैयार न होने वाला शॉट है।

## विदेश समाचार

# पाकिस्तान में जिस गांव में जन्मे मनमोहन, वह घोषित है आदर्श गांव

### आज भी पूर्व पीएम के नाम है प्राइमरी स्कूल का नाम, मशहूर हैं उनके किस्से



करांची,(ए)। देश में आर्थिक उदारीकरण का चेहरा पूर्व पीएम डॉ मनमोहन सिंह अब इस दुनिया में नहीं रहे। मनमोहन सिंह के निधन पर पीएम नरेंद्र मोदी, विपक्ष के नेता राहुल गांधी समेत पक्ष-विपक्ष के तमाम नेताओं ने शोक व्यक्त किया है। उनके निधन पर देश में सात दिन का राष्ट्रीय शोक रहेगा। नेताओं से लेकर आम लोग मनमोहन सिंह से जुड़ी यादें याद कर श्रद्धांजलि दे रहे हैं, उनसे जुड़े किस्से याद किए जा रहे हैं।वहीं पाकिस्तान के पंजाब प्रांत का गाह गांव जहां मनमोहन सिंह का जन्म हुआ था। अविभाजित भारत के पंजाब प्रांत के गाह गांव में 26 सितंबर 1932 को जन्मे मनमोहन सिंह ने कक्षा चार तक की पढ़ाई गांव के ही प्राइमरी स्कूल में ही की थी। मनमोहन सिंह 1937 से 1941 के बीच इस प्राइमरी स्कूल के छात्र रहे। विभाजन के बाद मनमोहन सिंह का परिवार अमृतसर आ गया था। इस सरकारी स्कूल का नामकरण पाकिस्तान की सरकार ने बाद में पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के नाम पर ही कर दिया था- मनमोहन सिंह गवर्नमेंट बॉयज प्राइमरी स्कूल। इस स्कूल में मनमोहन सिंह के पंजीकरण रिकॉर्ड से लेकर परीक्षाफल तक के रिकॉर्ड आज भी सुरक्षित रखे हुए हैं। इस स्कूल का जिक्र कांग्रेस के राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला ने अपनी किताब में भी किया है। उन्होंने लिखा है कि एक बार पाकिस्तान दौरे से लौटकर पीएम आवास पर डॉक्टर मनमोहन सिंह के साथ बैठा हुआ था। इस दौरान डॉक्टर सिंह ने कहा कि पाकिस्तान जाने का मन मेरा भी है। उनसे पूछा कि पाकिस्तान में कहां जाना चाहते हैं तो डॉक्टर सिंह का जवाब था अपने गांव।

इस किताब के मुताबिक राजीव शुक्ला ने तब के मनमोहन सिहं से यह पूछा कि क्या आप अपना पैतृक घर देखना चाहते हैं। डॉक्टर सिंह ने राजीव शुक्ला के सवाल के जवाब में कहा था कि नहीं, मेरा घर तो बहुत पहले ही खत्म हो गया था। उस स्कूल को देखना चाहता हूं जहां पर कक्षा चार तक पढ़ाई की थी। मनमोहन सिंह पीएम रहते या उसके बाद, पाकिस्तान नहीं गए और उनकी ये ख्वाहिश अधूरी ही रह गई। हालांकि, पाकिस्तान की सरकार ने इस स्कूल का नामकरण उनके नाम कर दिया और गाह को आदर्श गांव घोषित कर दिया गया था।

# नॉर्वे : बस हादसे में तीन की मौत, चार गंभीर रूप से घायल

ओस्लो (ए) । नॉर्वे के उत्तरीय शहर हैडसेल में एक यात्री बस के झील में गिर जाने से तीन लोगों की मौत हो गई जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह जानकारी देश के स्थानीय अधिकारियों ने दी।झील में गिरने के समय इस बस में 50 से अधिक यात्री सफर कर रहे थे। दुर्घटना से पहले यह बस नार्विक से स्वोल्वेर जा रही थी। स्वोल्वेर जाते समय बस उत्तरी नॉर्वे के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल लोफोटेन द्वीपसमूह के राफ्टसुंडेट के निकट होटल में पलट गई।समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, आपातकालीन सेवाओं को घटनास्थल के लिए काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। खराब मौसम की वजह से घटनास्थल पर पहुंचने के लिए हेलीकॉप्टर को ले जाने में भी समस्या हुई।नॉर्डलैंड पुलिस डिस्ट्रिक्ट के चीफ ऑफ स्टाफ बेंट एरे एलर्टसन ने इस दुर्घटना के बारे में जानकारी देते हुए कहा, बस आंशिक रूप से पानी में डूबी हुई है। तीन लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है और चार लोग गंभीर रूप से घायल हैं। आपातकालीन सेवाओं ने बस से सभी को निकाल लिया है। गंभीर रूप से घायल पीड़ितों को हेलीकॉप्टर से अस्पताल ले जाया गया, जबकि अन्य को एक स्कूल सहित निकटवर्ती आश्रय स्थलों में ले जाया गया।अधिकारियों ने बताया कि विमान में सवार यात्री आठ विभिन्न देशों से हैं, जिनमें नॉर्वे, भारत, चीन, सिंगापुर, मलेशिया, नीदरलैंड, फ्रांस और दक्षिण सूडान शामिल हैं।नॉर्वे में चीनी दूतावास ने पुष्टि की है कि बस में करीब 20 चीनी पर्यटक सवार थे, जिनमें से पांच को मामूली चोट आई। दूतावास ने कहा कि वह पर्यटकों से संपर्क बनाए हुए है और उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सहायता प्रदान करेगा।



# गाजा में हालात खराब, कचरे के ढेर से खाना बीनकर खाने को मजबूर बच्चे

### यूएन से भेजी गई राहत सामग्री को रास्ते में ही लूटा जा रहा

गाजा (ए)। करीब 15 माह से जारी इजराइल-हमास युद्ध की वजह से गाजा के 23 लाख लोग दर-दर भटकने को मजबूर हैं। सबसे ज्यादा खराब हालात उत्तर गाजा की है। हालात इतने खराब है कि यूएन की तरफ से भेजी जा रही राहत सामग्री को रास्ते में ही लूटा जा रहा है। रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि उत्तर गाजा में पिछले ढाई माह में राहत सामग्री के सिर्फ 12 ट्रक ही पहुंचे है, जबकि 100 से ज्यादा ट्रकों को रास्ते में ही लूट लिया गया। हालात इतने खराब हैं कि लोगों के भूखे मरने की नौबत आ गई है। औरतें और बच्चे कचरे के ढेर से खाना बीनकर खाने को मजबूर हो चुके हैं। आरोप है कि 6 अक्टूबर से इजराइल जानबूझकर जबालिया, बेत लाहिया और बेत हनून की सैन्य घेराबंदी बढ़ा रहा है। ऐसा करके इजराइल उत्तरी गाजा में राहत सामग्री पहुंचाने से रोक रहा है। रिपोर्ट में बताया गया हैं कि 15 लोगों के परिवार में खाने के लिए सिर्फ एक पैकेट बिस्किट है। एक तिरपाल की कीमत 15 हजार रुपए है। एक तंबू बनाने के लिए 5 तिरपाल (76 हजार रुपए) चाहिए। बिजली की कोई संभावना नहीं है।



रिपोर्ट में यूएन के एक कर्मचारी के हवाले से बताया कि एक पूरा परिवार एक अंडे के लिए डेर अल-बला इलाके में खोज कर रहा था, ताकि टूटी हड्डी वाले एक रिश्तेदार की कैल्शियम की जरूरत पूरी हो सके। अंडे की कीमत करीब 500 रुपए थी। लुटेरा राहत ट्रकों के ट्रांसपोर्ट से जुड़े लोगों का कहना है कि गाजा में सबसे बड़ी लुटेरी गैंग यासर अबू शबाब की है। उसका गिरोह पूर्वी राफेह के नत्र इलाके पर हावी है। वह राफेह का माफिया है। 25 नवंबर को हमास ने छापा मारा, जिसमें अबू के भाई सहित 20 लोग मारे गए थे। हमास का आरोप है कि गाजा में राहत सामग्री लूटने वाली गैंग को इजराइली सेना समर्थन दे रही है। दावा है कि शबाब की गैंग अभी तक सौ से ज्यादा ट्रकों को लूट चुकी है। इजराइल का कहना है कि हमास के लड़ाके ही राहत सामग्री लूट रहे हैं।

# शपथ ग्रहण से पहले डोनाल्ड ट्रंप दिखा रहे सख्ती बोले-मौत की सजा नहीं होगी कम

### -बाइडन ने 37 लोगों को मिली मौत की सजा उम्र कैद में बदली, ट्रंप ने की आलोचना

वाशिंगटन,(ए)। अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपनी शपथ ग्रहण से पहले सख्त रुख अपनाए हुए हैं और कई कड़े कदम उठाने की बात कह रहे हैं। चीन, कनाडा और भारत को भी टैक्स बढ़ाने की धमकी दे चुके हैं। अब अमेरिका में ट्रंप ने मौत की सजा को लेकर कोई नरमी नहीं बरतने की बात कही है। इससे पहले मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन ने मौत की सजा पाए ज्यादातर लोगों की सजा कम कर दी थी या उम्र कैद में बदल दी थी।डोनाल्ड ट्रंप ने बाइडन के सोमवार को दिए फैसले की आलोचना की, जिसमें मौजूदा राष्ट्रपति बाइडन ने मौत की सजा पाए 40 में से 37 लोगों को मिली मौत की सजा को उम्र कैद में बदल दिया। ट्रंप ने कहा कि बाइडन का फैसला समझ से परे है और यह पीड़ितों परिवारों का अपमान है।



उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि जो बाइडन ने सबसे बुरे हत्यारों में से 37 की मौत की सजा कम कर दी है। यह समझ से परे है। पीड़ितों के रिश्तेदार व दोस्त इससे दुखी हैं। उन्हें यकीन नहीं हो रहा है कि ऐसा हो गया है। ट्रंप ने कहा कि वह सत्ता संभालने के बाद न्याय विभाग को मृत्युदंड यानी मौत की सजा पर अमल करने का निर्देश देंगे। उन्होंने कहा कि वह रेपिस्टों, हत्यारों और बड़े अपराधों के मामलों में कड़ी कार्रवाई करेंगे।

# इजरायली हमले में बाल-बाल बचे WHO चीफ, फ्लाइट पर सवार होने के दौरान हुई बमबारी

नई दिल्ली (ए) । यमन के सना एयरपोर्ट पर गुरुवार को इजरायल ने हमला किया। हमले में बंदरगाह और एयरपोर्ट को निशाना बनाया गया। इजरायल की ओर से जिस वक्त एयरपोर्ट पर हमला किया गया, उस दौरान वहां डब्ल्यूएचओ चीफ टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयसस भी मौजूद थे। इस हमले में डब्ल्यूएचओ चीफ बाल-बाल बच गए।दरअसल, हूती विद्रोहियों ने पिछले कई महीनों से यूएन कर्मचारियों को बंधक बना रखा है। इन्ही कर्मचारियों की रिहाई के लिए बातचीत करने डब्ल्यूएचओ चीफ यमन पहुंचे थे।एयरपोर्ट पर हुए हमले की जानकारी देते हुए डब्ल्यूएचओ चीफ टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयसस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर




लिखा, संयुक्त राष्ट्र के कर्मचारियों की रिहाई के लिए बातचीत करने और यमन में स्वास्थ्य और मानवीय स्थिति का आकलन करने का हमारा मिशन आज पूरा हो गया। हम बंदियों की तत्काल रिहाई की मांग करते रहेंगे। लगभग दो घंटे पहले जब हम सना से अपनी उड़ान पर सवार होने वाले थे, तो हवाई अड्डे पर बमबारी हुई। हमारे विमान के चालक दल के एक सदस्य को चोट लगी।

उन्होंने आगे लिखा, हवाई अड्डे पर कम से कम दो लोगों के मारे जाने की खबर है। हवाई यातायात नियंत्रण टावर, प्रस्थान लाउंज - जहां हम थे, वहां से कुछ मीटर की दूरी पर - और रनवे क्षतिग्रस्त हो गए। हमें रवाना होने से पहले हवाई अड्डे को हुए नुकसान की मरम्मत होने तक इंतजार करना होगा। मेरे संयुक्त राष्ट्र और डब्ल्यूएचओ के सहकर्मी और मैं सुरक्षित हैं। हम उन परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं जिनके प्रियजनों ने हमले में अपनी जान गंवाई।

### पाकिस्तान की एयरस्ट्राइक में हुई 46 मौतों का बदला लेगा तालिबान

काबुल(ए)। 7 दुनिया के कई देश घोषित और अघोषित युद्ध लड़ रहे हैं। इसी बीच पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनाव बढ़ रहा है। इसी तनाव के चलते पाकिस्तान ने तालिबानी शासित अफगानिस्तान पर एयरस्ट्राइक कर दी। इससे दोनों देशों के बीच कट्टर दुश्मनी बढ़ती नजर आने लगी है। इस पर अफगानिस्तान ने विरोध जताते हुए कहा कि इस हमले का बदला हर हाल में लेंगे। दरअसल, हम बात कर रहे हैं पड़ोसी देश पाकिस्तान और अफगानिस्तान की जहां इस समय तनाव चरम पर हैं। ये स्थिति मंगलवार को उस वक्त और ज्यादा बिगड़ गई जब अफगानिस्तान के पूर्वी पक्तिका प्रांत में पाकिस्तान की सेना ने एयरस्ट्राइक की। इस हवाई हमले में 46 लोगों की मौत हुई है।

# वृद्धाश्रम में पहुंचकर साड़ियों का वितरण किया, मनाया वीर बाल दिवस



सीहोर(निप्र)। शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धाश्रम में जिला संस्कार मंच के तत्वाधान में दो दिवसीय वीर बालक दिवस का आयोजन किया गया था। इस मौके पर मंच की ओर से डेविड मून, धर्मेन्द्र माहेश्वरी, राजेश परिहार आदि ने यहां पर निवासरत बुजुर्ग महिलाओं को साड़ियों का वितरण किया। इस मौके पर जिला संस्कार मंच के संयोजक मनोज दीक्षित मामा ने कहा कि सिख धर्म के दसवें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह जी के दो छोटे साहिबजादों, जोरावर सिंह और फतेह सिंह को सम्मानित करने के लिए मनाया जाता है। इन युवा साहिबजादों ने धर्म और मानवता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया था। इन्हीं के सम्मान और याद में वीर बाल दिवस मनाया जाता है। बड़े गर्व का विषय है कि आज भी इन जैसे बच्चों के संस्कारों के कारण ही हमारी देश की संस्कृति अमर है। हर बच्चे को गुरु के पुत्रों का अनुसरण करना चाहिए। कार्यक्रम का आयोजन आश्रम के संचालक राहुल सिंह के मार्गदर्शन में किया गया था। इस मौके पर आभार प्रदर्शन आश्रम की ओर से विकाश अग्रवाल, कमलेश राय, आकाश राय, बाबू सिंह आदि ने व्यक्त किया।

# इस शिव युग में सभी सनातनियों को एक करना हमारा लक्ष्य : पं मोहितरामजी

सीहोर(निप्र)। कलयुग आज शिव युग में परिवर्तित हो चुका है हर मंदिर हर शिवावालय हर देवालय कथा पंडाल हर मुख से शिव नाम हर हर महादेव की जय कारे गूंज रहे हैं कलयुग में शिव नाम की भागवत नाम की गंगा बह रही है जिसके प्रताप से हम सनातनी सब एक छत्र साया में आ रहे हैं और संपूर्ण सनातनी हिंदुओं को एक करना ही शिवयुग में हमारा संकल्प है उक्त वचन गल्ला मंडी पुलिस लाइन माता मंदिर प्रांगण में चल रही सप्त दिवस श्री सोमनाथ शिव महापुराण कथा के द्वितीय दिवस राष्ट्रीय संत क्रांतिकारी वक्ता कथा व्यास परम गोभक्त पंडित मोहितराम जी पाठक ने व्यक्त किये आगे कथा में वर्णन करते हुए कहा कि जो भी भगवान शिव उसे सनातन की शरण ग्रहण करता है वहां इस संसार रूपी भवसागर से उतर जाता है हम सभी हिंदुओं को हमारे शिवालय देवालय गौ माता बहन बेटी राधा रुक्मणी पार्वती मठ मंदिर साधु संतों की रक्षा करना ही हम हिंदुओं का लक्ष्य होना चाहिए व्यास गादी से कथा करना तभी सार्थक होगा जब हर मुख में भगवत नाम माथे पर तिलक सर पर सीखा हाथ में भगवा ध्वज होगा यहां सनातन कि हमारे पूर्वजों की निशानियां हैं जिन्हें हमें हिंदू संस्कृति संस्कार से पुनर्जीवित करना है तभी ही भगवान शिव आपके साथ हैं?

# जनकल्याण और राजस्व महाभियान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता का अभियान है : कलेक्टर श्री सिंह

## कलेक्टर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की दोनों अभियानों की समीक्षा




सीहोर (निप्र)। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने वीसी के माध्यम से जिले में संचालित मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान और राजस्व महाभियान 3.0 के अन्तर्गत अभी तक किए गए सभी कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के अन्तर्गत विभागवार प्रगति की समीक्षा की। इसी प्रकार राजस्व महाअभियान के तहत अभी तक निराकृत किए गए राजस्व प्रकरणों की तहसीलवार तथा अधिकारी वार विस्तार से समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने इन अभियानों को प्रभावी रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने सभी अधिकारियों को इन दोनों अभियानों को पूरी गंभीरता से संचालित करने के निर्देश देते हुए कहा कि शासन के सर्वोच्च प्राथमिकता वाले इन अभियानों में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं कही जाएगी। उन्होंने कहा कि पंचायतों में लगाए जाने वाले शिविरों का पर्याप्त प्रचार प्रसार किया जाए तथा शिविर में सभी संबंधित अधिकारी उपस्थिति रहें। शिविर में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को गंभीरता से सुना जाए और उसके आवेदन का जल्द से जल्द समुचित निराकरण किया जाए। वीसी में संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी जिला पंचायत सीईओ नितिन टाले, संयुक्त कलेक्टर आनंद सिंह राजावत, सभी एसडीएम, तहसीलदार, नगर पालिका सीएमओ सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### प्रभावी रूप से चलाएं जनकल्याण अभियान

कलेक्टर श्री सिंह ने ब्लॉक और नगरीय निकायों में चलाए जा रहे अभियान की प्रगति की समीक्षा में कहा कि जिन निकायों में कम आवेदनों की प्राप्ति हो रही है, वहां डोर टू डोर जागरूकता अभियान चलाया जाए। साथ ही अधिकारियों को यह निर्देश भी दिये कि वे अपने संबंधित विभागों में संचालित योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को शिविर के दौरान प्राप्त आवेदनों का निराकरण कर लाभान्वित करें। ताकि सभी पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ मिले और शत-प्रतिशत सैचुरेशन हो।

कलेक्टर सिंह ने जनकल्याण पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों की जानकारी अपलोड करने के सबंध में सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और नगर पालिका अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करके आवेदनों का विवरण पोर्टल पर दर्ज करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह अभियान शासन की प्रमुख प्राथमिकताओं वाला अभियान है इसलिए इस अभियान की सफलता के लिए पूरी गंभीरता से काम करें।

### राजस्व महाभियान में गति लाएं

कलेक्टर श्री सिंह ने वीसी के माध्यम से समीक्षा के दौरान अधिकारियों को मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के साथ साथ चलने वाले राजस्व महाभियान 3.0 के तहत राजस्व संबंधी प्रकरणों के निराकरण में गति लाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर सिंह ने अनुभागवार एवं तहसीलवार राजस्व महाअभियान 3.0 के तहत नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, खसरा से आधार लिंकिंग, फार्मर रजिस्ट्री, परंपरागत रास्तों के चिन्हांकन, नक्शा शुद्धिकरण की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने सभी एसडीएम, तहसीलदार सहित सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने क्षेत्र के पटवारियों के काम की सतत मॉनिटरिंग करें और उनके काम का प्रतिदिन का फीडबैक लें।

# अस्पताल में टोकन सिस्टम से रोज परेशान होते है सैकड़ों मरीज

## नेटवर्क समस्या के कारण सही काम नहीं करता है ड्राइफ केस ऐप
## राष्ट्रीय मानव अधिकार मंच ने की तत्काल बंद कराने की मांग






सीहोर (निप्र)। ईलाज के लिए जिला अस्पताल में पहुंचने वाले सैकड़ों मरीजों और उनके परिजनों के लिए टोकन सिस्टम मुसीबत बना हुआ है। ओपीडी में पर्चा बनवाने पहुंचे वाले मरीजों को हो रही परेशानी को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय मानव अधिकार मंच ने इस व्यवस्था को तत्काल बंद करने की मांग अस्पताल प्रबंधन से की है। राष्ट्रीय मानव अधिकार मंच के प्रदेशाध्यक्ष नौशाद खान ने शुक्रवार को मरीजों की शिकायत के बाद जिला अस्पताल पहुंचकर ओपीडी का निरीक्षण किया। पर्चा वनवाने के लिए लाईन में लगे मरीजों और उनके परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन के द्वारा शुरू किए गए टोकन सिस्टम से हो रही परेशानियों से अवगत कराया। मरीजों ने बताया की टोकन नहीं होने पर पर्चे भी नही बनाए जा रहे है घंटों तक लाईन में लगना पड़ रहा है गंभीर मरीजों के लिए भी कोई व्यवस्था नहीं की गई है मोबाईल के नहीं होने पर बिना ईलाज के हीं वापस लोटना पड़ता है। राष्ट्रीय मानव अधिकार मंच के प्रदेशाध्यक्ष नौशाद खान ने कहा की मरीजों के स्वास्थ्य की जानकारी संग्रहीत करने के लिए बनाया गया ड्राइफ केस ऐप नेटवर्क समस्या के कारण सही काम नहीं करता है तो वही अनेक ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को यह सिस्टम आसानी से समझ में भी नहीं आता है जिस कारण काफी दिक्कतों का सामना गरीब तबके के मरीजों को करना होता है प्रतिदिन जिला अस्पताल में एक हजार से अधिक मरीज ईलाज के लिए पहुंचते है लेकिन टोकन सिस्टम के कारण मरीजों को सही समय पर ईलाज नहीं मिल पाता है। खान ने कहा की ड्राइफ केस ऐप में सुधार करना चाहिए या फिर इसको बंद कर देना चाहिए।

## फिल्म संगीत के सितारे मोहम्मद रफी साहब के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में संगीतमय आयोजन आज

सीहोर (निप्र)। फिल्म संगीत के सितारे मोहम्मद रफी साहब के जन्म के 100 साल हुए हैं और इस अवसर पर रोटरी इंटरनेशनल के सीहोर क्लब में आज शनिवार 28, दिसम्बर की शाम संगीत के शौकीनों के नाम एक शाम होने जा रही है और शाम के सितारे हैं, सीहोर की माटी सीहोर की स्वर सुंदरी सीमा जोशी और साहित्य के सशक्त हस्ताक्षर आदित्य हरि गुप्ता होंगे। इन दोनों कलाकारों को सजाने के लिए राजेश काशिव मुखातिब रहेगें। इस संगीतमय मौके पर संगीत प्रेमियों से उपस्थित होने की अपील की गई है।

## मधुमेह की सही समय पर पहचान एवं उपचार संभव


सीहोर (निप्र)। मधुमेह एक ऐसी बीमार है जिसके लक्षण सामान्य होते हैं पर यह धीरे-धीरे शरीर को कमजोर कर देता है। यह बीमारी सीडेंटरी लाइफ स्टाइल, अनहेल्दी फूड खाने एवं आनुवांशिक भी होती है। धीरे-धीरे मधुमेह के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। इसे जन जागरूकता के माध्यम से नियंत्रित किया जा सकता है। मधुमेह की सही समय पर पहचान उसके उपचार एवं जन जागरूकता के मध्यम से मधुमेह रोगियो की स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से रोगियों का उपचार किया जा सकता हे। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि मधुमेह के उपचार के लिए असंचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत मरीजों को नि:शुल्क उपचार की सुविधा प्रदान की जाती है। बार-बार पेशाब आना, वजन का घटना या भूखा कम लगना, बहुत ज्यादा प्यास लगना, कमजोरी अथवा थकान होना इत्यादि मधुमेह के मुख्य लक्षण है।

# पेंशनधारियों को फर्जी कॉल से बचने की सलाह

सीहोर (निप्र)। साइबर अपराधियों द्वारा पेंशनधारियों को जीवन प्रमाण-पत्र को ऑनलाइन अपडेट करने के संबंध में की जाने वाली फर्जी कॉल से बचाव की सलाह दी है। पेंशनधारक का पूरा डाटा, नियुक्ति दिनांक, पीपीओ नम्बर, आधार नम्बर, सेवानिवृत्ति तिथि जैसी सभी जानकारी उपलब्ध होने के कारण पेंशनधारकों को ऑनलाइन अपडेशन के संबंध में भरोसा दिया जाता है। वर्तमान में साइबर अपराधियों द्वारा पेंशन निदेशालय का हवाला देकर पेंशनरों को पूरा डाटा बताकर जीवन प्रमाण-पत्र अपडेट करने के लिए ओटीपी साझा करने की बात प्रकाश में आई है । पेंशनर द्वारा गलती से ओटीपी साझा करने पर अपराधी को बैंक खाते का डायरेक्ट एक्सेस कन्ट्रोल मिल जाता है और पेंशनर के खाते की राशि फर्जी खाते में स्थानांतरित कर दी जाती है। उन्होंने कहा है कि पेंशनरों को जागरुक रह कर हमेशा सावधानी बरतने की जरुरत है। पेंशन निदेशालय द्वारा कभी भी किसी पेंशनर का जीवन प्रमाण-पत्र ऑनलाइन अपडेट करने के लिए कॉल नहीं किया जाता है और न ही ऑनलाइन जीवन प्रमाण-पत्र अपडेट किया जाता है।

# आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव

## समाज में सुधार के लिए बच्चों एवं बुजुर्गों को कथा का श्रवण करना चाहिए : संत गोविन्द जाने



सीहोर (निप्र)। हमें परमात्मा मिलन और सत्कर्म करने के लिए भगवान को खोजना पड़ता है। मानव जीवन मिलने के बाद भगवान को मनाने की हमें कोशिश करते रहना चाहिए। जब हम संसार की मोह माया त्याग कर प्रभु की शरण में मंदिर जाएं और इसे अपने जीवन में आत्मसात करें। उक्त विचार शहर के सिंधी कालोनी स्थित विशाल मैदान में गोदन सरकार सेवा समिति हनुमान मंदिर सीहोर के तत्वाधान में जारी सात दिवसीय भागवत कथा के चौथे दिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए संत गोविन्द जाने ने कहे। शुक्रवार को आस्था और उत्साह के साथ भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। भागवत कथा में मालवा माटी के प्रसिद्ध संत गोविंद जाने ने संगीतमय मधुर भजनों की प्रस्तुति दी। जिसे सुनकर वहां मौजूद श्रद्धालु खुद को रोक नहीं पाए और प्रभु की भक्ति में मगन हो झूमने लगे। उन्होंने कहा कि सनातन की जागरूकता के लिए सभी को मंदिर जाना चाहिए। शुक्रवार को कथा के दौरान उन्होंने कहा कि सेवक का कर्म सबसे बड़ा है। स्वामी का कर्म एक बार छोटा हो सकता है, लेकिन सेवा का कार्य सबसे महान होता है। संतों की सेवा सबसे बडा पुनित कार्य है। जीवन को ऊंचाइयों तक पहुंचाना है तो इसके लिए धर्म को अपनाना होगा।

समाज में सुधार के लिए बच्चों एवं बुजुर्गों को कथा का श्रवण करना चाहिए संत गोविन्द जाने ने कहा कि भक्तों से कहा कि सभी धर्मों में अच्छी बातें कही गई हैं। लोग किसी व्यक्ति की बात सुने या ना सुने लेकिन सभी धर्म के संदेशों को जीवन में अवश्य अपनाना चाहिए। समाज में सुधार के लिए बच्चों एवं बुजुर्गों को कथा का श्रवण करना चाहिए। क्योंकि श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने वाले भक्तों को भगवान के प्रति भावना और ज्यादा बढ़ जाती है और उसकी भगवान जरूर सुनता है। जिससे उसके सारे काम बनते चले जाते हैं। जीवन मंत्र और रघुकुल के संस्कारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन में हमेशा लिखे हुए कागज की तरह ही बनो, क्योंकि लिखा हुआ कागज मूल्यवान होता हैं। अपने जीवन की किताब में अनमोल शब्द लिखने का प्रयास करो ताकि आपकी हमेशा कद्र होती रहे। साथ ही उन्होंने कहा कि हमें भगवान के नाम का जाप करते रहना चाहिए, क्योंकि भगवान का नाम और उनके गुण दोनों ही सुंदर है। अनेकानेक पात्रों के द्वारा अपने धर्म अपने संस्कृति अपने राष्ट्र की रक्षा कैसे हो इसे दर्शाया है। भारतीय संस्कृति रूपी सीता की रक्षा करने के लिए जटायु ने लंकापति रावण से मोर्चा लिया। अंत मे वीर गति को प्राप्त हो जाते है।

**राम के कार्य करने वाला कभी मरता नहीं अमर हो जाता है**

शुक्रवार को जटायु प्रसंग पर चर्चा करते हुए कहा कि पुकार सुनने के बाद जटायु ने अपनी चोंच से रावण को घायल करने की कोशिश की। वीर गति प्राप्त करने से पहले उसने भगवान के लिए संघर्ष किया। जटायु ने माता सीता से पूछा की मुझे भगवान श्रीराम के दर्शन कब होंगे तो माता सीता ने कहा कि जटायु राम के कार्य करने वाला कभी मरता नहीं है अमर हो जाता है।

# स्वर्गीय श्री गेंदालाल जी राय के पुण्य स्मरण पर हुआ विराट कवि समागम का आयोजन

सीहोर (निप्र)। स्थानीय क्रिसेंट सभा हॉल में राष्ट्रीय कवि संगम, अखिल भारतीय साहित्य परिषद् एवं जनसहयोग सेवा समिति के बैनर तले स्व.श्री गेन्दालाल जी राय की स्मृति के 17 वे वर्ष पर काव्य पाठ एवं काव्य संवाद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व नपाध्यक्ष व वरिष्ठ समाजसेवी राकेश राय ने की। विशिष्ठ अतिथि के रूप में कथा वाचक संत मोहितराम जी पाठक उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में




समाजसेवी अखिलेश राय उपस्थित रहे एवं विशेष अतिथि के रूप में गीतकार हरिओम दाऊ शर्मा, श्रीपाल शर्मा दिल्ली, बाबू देवाल घायल आष्टा, तुलसीराम सेन काका, अशोक व्यास भोपाल, डॉ. राजकुमार मालवीय, सुरेश सोनपुरिया, लक्ष्मी चन्द चौधरी कुरावर, ब्रजमोहन सोनी, मुकेश जायसवाल छायन, हीरालाल जायसवाल उपस्थित रहे। सर्व प्रथम अतिथियों ने माँ सरस्वमी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं स्वर्गीय श्री गेंदालाल जी राय के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सरस्वती वन्दना बाबू मोसाय ने की एवं कवि सम्मेलन का संचालन डॉ.विजेन्द्र जायसवाल ने किया। अतिथियों का स्वागत समिति अध्यक्ष लक्ष्मण चौकसे ने किया। इस मौके पर समाज सेवी अखिलेश राय ने अपने पिता के द्वारा किये गये परोपकार, सेवा और समर्पणभावना को याद करते हुए भावुक हो गये। तुलसीराम सेन काका ने कहा कि ब्रह्मलीन श्रद्धेय सेठ स्वर्गीय गेंदालाल राय ने सुदुर ग्रामीण अंचलों के गरीब जनमानस के हृदय में अमिट स्थान बनाया। उनके संस्कारों से फलित पुत्र भी उनके बनायें मार्ग का अनुसरण कर रहे हैं। एक पिता के कर्म फूलों की सुगंध के रूप में सदैव समाज में सुशोभित होते हैं। जिले के ग्रामीणों में आज भी सेठ जी के कई किस्से कहानियां प्रचलित हैं। वरिष्ठ समाज सेवी राकेश राय ने अपने पिता की याद करते हुए कहा कि पिताजी के द्वारा बताये गये मार्ग पर चलने का हम सभी भाई प्रयास कर रहे हैं। उनके द्वारा किए गए गरीब कल्याण के कार्य, सहयोग, दान एवं परोपकारी स्वभाव ही हमें मार्गदर्शित करता है। इस अवसर पर उपस्थित कविगणों में श्रीपाल शर्मा, हीरालाल जायसवाल, अशोक व्यास, सुरेश सोनपुरिया, नीरज हनोतिया, नविन हरियाले, ईशानी मालवीय, राजकुमार अहिरवार, लक्ष्मीचन्द चौधरी, हृदेश शर्मा, गजानन्द डिगोरिया, मदन तन्हाई, हिन्दु उत्सव समिति के अध्यक्ष आशीष गुप्ता, ए.आर.शेख मुन्शु, धर्मेन्द्र यादव, ऋषिराज मकरैया, बाबु देवाल घायल, डॉ. गिरिश दुबे बेधडक, श्रीमति सविता बांगड़ सुर, सुभाष चौहान, कैलाश चौहान, जितेन्द्र नरोलिया, संतोष गोस्वामी, मुकेश जायसवाल, दिनेश भोपाली, सुभाष जोशी, गोविन्द लोवानिया, नन्नुलाल सगर, हीरालाल शर्मा, विनोद पंसारी, द्वारका बासुरिया, जोरावर सिंह, कमलेश नूर, लक्ष्मण चौकसे, डॉ.विजेन्द्र जायसवाल, धर्मराज देशराज, राजेश मालवीय, सुरेश मालवीय, वासूदेव जादवानी, राजेश सत्यम, राकेश सक्सेना, जितेन्द्र नरोलिया आदि उपस्थित रहे। अंत में आभार युवा कवि लक्ष्मण चौकसे ने माना।

## दिव्यांग बच्चों के लिए चिकित्सकीय मूल्यांकन शिविरों का आयोजन

सीहोर (निप्र)। जिले की शालाओं में कक्षा पहली से आठवीं तक पढ़ने वाले विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों की औपचारिक पहचान, मूल्यांकन तथा उचित उपकरण प्रदान करने के लिए जिले के सभी जनपदों में मूल्याकन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में एलिम्को (भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम) जबलपुर के विशेषज्ञ विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों की पहचान करेंगे एवं उनकी आवश्यकतानुसार उन्हें उपकरण प्रदान करेंगे। जिला शिक्षा केन्द्र के जिला परियोजना समन्वयक ने बताया कि बुधनी बीआरसीसी भवन में 28 दिसम्बर को शिविर आयोजित किया गया जाएगा। इसी प्रकार इछावर बीआरसीसी भवन में 30 दिसम्बर को, भैंरूदा बीआरसीसी भवन में 31 दिसम्बर को, आष्टा बीआरसीसी भवन में 01 जनवरी 2025 को तथा सीहोर बीआरसीसी भवन में 02 जनवरी को मूल्यांकन शिविरों का आयोजन किया जाएगा। आमजन शिविर में जॉच के लिए दिव्यांग प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, गरीबी रेखा राशन कार्ड, आधार कार्ड, समग्र आई डी, बच्चें की दिव्यांगता दर्शाते हुए 2 फोटो के साथ उपस्थित हो सकते है। यूडीआईडी कार्ड बनवाने के लिए ओरिजनल दिव्यांग प्रमाण पत्र, समग्र आईडी एवं आधार कार्ड की छायाप्रति अवश्य लाएं।

# बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम अभियान के तहत किया गया 04 बच्चों का रेस्क्यू



सीहोर (निप्र)। कलेक्टर प्रवीण सिंह के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा बाल भिक्षा वृत्ति रोकथाम अभियान के तहत आष्टा विकासखंड स्थित शुजालपुर बाईपास, अनाज मंडी, बस स्टैंड, कन्नौद रोड एवं अन्य स्थानों पर भिक्षावृत्ति एवं बाल श्रम करने वाले 04 बच्चों का रेस्क्यू किया गया। अधिकारियों द्वारा बच्चों को रेस्क्यू कर बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात बाल कल्याण समिति में बच्चों के पिता एवं दुकान संचालक को बच्चों से श्रम एवं जोखिम भरा कार्य न कराने की शपथ दिलाई गई एवं शपथ पत्र लिया गया। इसके पश्चात बच्चों को उनके अभिभावकों को सौंप दिया गया। इसके साथ ही अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा सभी व्यापारियों को बाल श्रम एवं भिक्षावृत्ति रोकथाम अभियान की जानकारी देते हुए बताया गया की 14 वर्ष तक के बच्चों से किसी भी प्रकार का बालश्रम कराना अपराध है।

## दीनदयाल रसोई योजना अंतर्गत माह दिसम्बर का खाद्यान्न आवंटन

सीहोर (निप्र)। संचालक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण भोपाल द्वारा सीहोर जिले में दीनदयाल रसोई योजना अंतर्गत माह दिसम्बर 2024 के लिए हितग्राहियों को पका हुआ भोजन प्रदाय करने के लिए गेहूं चावल का आवंटन प्रदाय किया गया है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि अनुविभाग सीहोर, आष्टा, बुधनी के लिए गेंहू 36.00 क्विंटल ,चावल 9.00 क्विंटल प्राप्त हुआ है। प्राप्त आवंटन के आधार पर अनुविभाग सीहोर को गेंहू 12.00 एवं चावल 3.00 क्विंटल, इसी प्रकार आष्टा को गेंहू 12.00 एवं चावल 3.00 क्विंटल तथा बुधनी को गेंहू 12.00 एवं चावल 3.00 क्विंटल प्रदान किया गया है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि गेहूं एवं चावल का प्रदाय रूपये 01 रू प्रति किलोग्राम की दर से नगर पालिका सीहोर को प्रदाय किया जावे। प्रदाय किये जाने वाले गेहूं एवं चावल की गुणवत्ता की जांच उपरांत एफएक्यू गुणवत्ता का हि खाद्यान्न प्रदाय करना सुनिश्चित किया जावे, आवंटन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा निर्धारण मापदण्ड प्रति व्यक्ति प्रति दिन 160 ग्राम गेहूं एवं 40 ग्राम चावल की मात्रा अनुसार जारी किया गया है।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com